# जागरण : नर्मदापुरम् : इटारसी : बैतूल : हरदा

www.dainikjagranmpcg.com ✹ सिवनी-मालवा ✹ पिपरिया ✹ सोहागपुर ✹ मुलताई ✹ सारनी ✹ आमला ✹ टिमरनी ✹ खिरकिया भोपाल 23 जून 2025


## न्यूज कार्नर

### सम्मेलन में पेंशनर्स का हुआ स्वागत-सम्मान



**जागरण, माखन नगर।** पेंशन वेलफेयर संगठन के तत्वाधान में आयोजित सम्मेलन में नए पेंशनर का स्वागत आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राजपूत एवं दिनेश चतुर्वेदी पेंशनर संघ एवं विशेष अतिथि जनपद अध्यक्ष सावित्री परनामे, सत्यनारायण पाराशर, निखिलेश चतुर्वेदी, संजय अग्रवाल एवं ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. कल्याणी यादव उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि का स्वागत शाल एवं श्रीफल से पेंशनर संघ के संरक्षक सीएल चौरे, मोहनलाल मीणा, आरएच चौरे द्वारा किया गया। अन्य अतिथियों का स्वागत पेंशनर संघ अध्यक्ष आरएच चौरे स्वागत किया। नवीन पेंशनर सदस्य रामनाथ नागोरिया, हरिओम मालवीय, अरुण ताम्रकार, अमृतलाल मीणा का शॉल एवं श्रीफल से मुख्य अतिथि राजेंद्र सिंह ठाकुर पूर्व विधायक द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सातों ब्लॉकों के अध्यक्ष उपस्थित हुए।

### दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग प्रारंभ



**जागरण, सिवनी मालवा।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल नर्मदापुर जिले का जिला अभ्यास वर्ग का हुआ शुभारंभ। विहिप जिला सह मंत्री सनूप सिंह यदुवंशी ने बताया कि संगठन तंत्र एवं रीति का ज्ञात कराने हेतु अभ्यास वर्ग लगाए जाते हैं। विहिंप नर्मदापुर जिले का दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग स्थानीय श्रीराम जानकी राधा-कृष्ण मंदिर में कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर पूज्य संत मनीषानंद महाराज, आचार्य पुनीत दुबे, विहिप प्रांत सह मंत्री जितेंद्र सिंह चौहान, भंवर सिंह शेखावत, शिव राठौर, डॉ सुभाष दुबे आदि अतिथियों ने संगठन पद्धति श्री राम विजय महामंत्र कर भगवान श्रीरामचंद्र जी की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। अभ्यास वर्ग उद्घाटन कार्यक्रम में पूज्य संत मनीषानंद महाराज ने कहा कि हिंदू समाज के सम्मान की लड़ाई विश्व हिंदू परिषद लड़ता है। इस जिला अभ्यास वर्ग से हम प्रशिक्षित होकर देश धर्म के लिए कार्य में लगे। आचार्य पुनीत दुबे ने कहा कि हिंदू धर्म पर जिस गति से विधर्मी मेलेच्छो के अत्याचार बढ़ रहे हैं हम सभी को इनका प्रतिकार करने लगना होगा।

### आज मिलेगा वेतन काम पर लौटेंगे कर्मी

**जागरण, सोहागपुर।** बढ़े हुए वेतन के भुगतान के बाद सफाई कर्मचारियों के काम पर लौटने की संभावनाएं हैं हालांकि सफाई यूनियन की तरफ से हड़ताल बंद कर काम पर लौटने की अधिकृत बात सामने नहीं आई है। इधर नप अध्यक्ष लता यशवंत पटेल का कहना है कि नप ने सफाई कर्मचारियों की सारी मांगे मान ली हैं और आज नगर परिषद सफाई कर्मचारियों के खाते में बढे हुए वेतन की राशि अंतरित करेगी। अध्यक्ष के मुताबिक लंबित वेतन के साथ-साथ कर्मचारियों के एरियर की राशि के भुगतान की मांग भी मान ली गई है। सफाई यूनियन की तरफ से रेखा दोहरे का कहना है कि सोमवार को नगर परिषद की ओर से बढा हुआ वेतन प्रदान किया जाएगा लेकिन कर्मचारी हड़ताल से वापस काम पर लौटते हैं या नहीं? यह सामूहिक रूप से निर्णय लेने के उपरांत ही निश्चित हो सकेगा। क्योंकि कर्मचारियों का लगभग 16 महीने का एरियर बाकी है। इसके साथ ही कुछ कर्मचारी ऐसे हैं जिनकी सेवानिवृत्ति पर मिलने वाली राशि भी नगर परिषद ने जारी नहीं की है। उनकी राशि के भुगतान सहित अनुकंपा के कुछ मामलों के निपटान की मांग भी हमारे संगठन द्वारा की गई है। सफाई कर्मियों की कुछ मांगों के निपटान के लिए शासन स्तर से होने वाली कार्रवाई की जानकारी देकर स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों एवं नगर परिषद के जनप्रतिनिधियों ने 15 दिनों का समय मांगा है। कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से समूचे शहर की सफाई व्यवस्था बदहाल है। कचरा संग्रह वाहन वार्डों में नहीं पहुंचने के कारण लोगों के घरों के डस्टबिन भरे पड़े हैं।

### शासकीय वेयर हाउस की 300 बोरी मूंग फर्जी तरीके से बेचने का मामला

# बनखेड़ी मूंग कांड में दर्ज हुई एफआईआर

**खबर का असर**

**जागरण, पिपरिया।** बनखेड़ी के सरकारी वेयर हाउस मछेराकला से एक ट्रक मूंग अवैध रूप से बेचे जाने के मामले में ढाई माह बाद एफआईआर दर्ज हो गई है। बनखेड़ी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 300 बोरी मूंग के मामले में वेयर हाउस कॉरपोरेशन के मछेराकला ब्रांच मैनेजर शैलेश पाटिल तथा ट्रक चालक जीवन मेहरा पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 316 (5), 318 (4) तथा 3(5) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।जानकारी के अनुसार वेयर हाउस कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक कार्यालय से आदेश के बाद रीजनल मैनेजर के निर्देश से जि़ला अधिकारी अतुल रोरठे ने बनखेड़ी थाना पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई है।



अब बनखेड़ी मूंग मामले में वेयरहाउस मैनेजर द्वारा गढ़ी जा रही नई कहानी

आठ दिन से चल रही सिर्फ मामले की जांच, बनखेड़ी थाने में खड़ा मूंग से भरा ट्रक

मुख्यालय भेज चुके जांच प्रतिवेदन : सोरठे

बंद मिले वेयरहाउस के सीसीटीवी कैमरे

जांच प्रतिवेदन में एफआईआर के लिए लिखा : एसडीएम

किसानों मजदूरों ने दिया ज्ञापन

**क्या है मामला :** अवैध रूप से मूंग का परिवहन करते 09 अप्रैल 2025 की शाम बनखेड़ी की तत्कालीन तहसीलदार अलका एक्का ने उक्त ट्रक पकड़ा था। ट्रक चालक के पास मूंग परिवहन से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं मिले थे। करीब 300 बोरी मूंग ट्रक में भरी हुई थी, जिसकी कीमत करीब 15 लाख रु आंकी गई थी। ट्रक चालक ने तहसीलदार को बताया कि मछेराकलां स्थित शासकीय वेयरहाउस से मूंग भरकर पिपरिया जा रहा हूं लेकिन वैध दस्तावेज नहीं है। तहसीलदार अलका इक्का ने वेयरहाउस पहुंचकर कर्मचारियों के बयान लिए थे। आशंका है कि इस प्रकार के करीब आधा दर्जन ट्रक मूंग से भरकर एक दिन में ही निकले गए,लेकिन एक ही पकड़ में आ सका। पूरे मामले में एसडीएम अनिशा श्रीवास्तव ने जांच करके कलेक्टर सोनिया मीणा को जांच प्रतिवेदन भेजा था। वहीं वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के रीजनल मैनेजर सहित जांच दल ने जांच प्रतिवेदन प्रबंध निदेशक को भेजा था। मामले में पहले ही वेयर हाउस मैनेजर पाटिल को निलंबित कर दिया गया है। यह मामले पिछले कई दिनों से चर्चा का विषय बना हुआ था। कार्यवाही न होने पर सवाल उठ रहे थे।

## खराब मौसम होने से पिपरिया उतरा मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर



**जागरण, पिपरिया।** प्रदेश के एकमात्र हिलस्टेशन पचमढ़ी परिवार सहित घूमने जा रहे मुख्यमंत्री डा मोहन यादव का हेलीकॉप्टर पचमढ़ी में मौसम ख़राब होने के कारण सुबह करीब 12 बजे पिपरिया में उतारा। इस दौरान सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक ठाकुरदास नागवंशी, भाजपा नेता सतपाल पलिया सहित अन्य ने सीएम का स्वागत किया। देरशाम मुख्यमंत्री वापिस पिपरिया आए यहां से हेलीकाप्टर से राजधानी भोपाल के लिए रवाना हुए।

# यह दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में हमारा एक प्रयास : सांसद

### नेशनल प्लेयर सहित 24 दिव्यांग जनों को सांसद निधि से स्कूटी की प्रदान



**जागरण, पिपरिया।** पुरानी गल्ला मंडी स्थित भाजपा कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफलतम 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी के द्वारा सांसद निधि से दिव्यांगजनों को ट्राई स्कूटी वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 24 दिव्यांगों को ट्राई स्कूटी प्रदान की गई। कार्यक्रम का प्रारंभ भारत माता का पूजन कर विधिवत किया गया। कार्यक्रम की प्रस्तावना पिपरिया नपाध्यक्ष नीना नागपाल ने रखी। इस अवसर पर पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने कहा कि सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने दिव्यांग जनों को स्कूटी वितरण कर बहुत ही श्रेष्ठ कार्य किया है। और इस कार्यक्रम में बूथ अध्यक्षों एवं मंडल अध्यक्षों से दिव्यांगों को ट्राई स्कूटी प्रदान करना सराहनीय कदम है। सांसद दर्शन सिंह चौधरी के द्वारा दिव्यांग जनों को सांसद निधि से ट्राई स्कूटी का वितरण न केवल दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है, बल्कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना को भी साकार करती है।

इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने मोदी सरकार की प्रमुख उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने बताया कि पिछले 11 वर्षों में भारत की आर्थिक शक्ति में वृद्धि हुई है। आयुष्मान कार्ड जैसी योजनाओं से आम नागरिकों का जीवन बेहतर हुआ है। वैश्विक मंच पर भारत की स्थिति मजबूत हुई है। कई देश अब भारत के सहयोग की अपेक्षा करते हैं। यह जनता का विश्वास है जिसके कारण नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता में हैं। इस अवसर पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने ग्रीष्मकालीन उपार्जन के लिए केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार का क्षेत्र के किसानों की ओर से आभार व्यक्त किया। पुरानी गल्ला मंडी से सांसद कार्यालय तक सांसद एवं विधायक ने स्वयं गाड़ी पर बिठाकर दिव्यांग जनों को विदा किया। इस अवसर पर जन प्रतिनिधियों एवं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने लाभार्थियों दिव्यांगों पर पुष्प वर्षा की। गाडरवारा खुर्द के दिव्यांग मुकेश धानक बेहद खुश था, हाथ में स्कूटी की चाबी आते ही उनका चेहरा खिल गया और उन्होंने मोदी सरकार और सांसद दर्शन सिंह चौधरी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा पिपरिया मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर खापरखेड़ा मंडल अध्यक्ष राजा पटेल एवं पिपरिया ग्रामीण मंडल प्रशांत रघुवंशी ने गज माला से सांसद दर्शन सिंह चौधरी का स्वागत किया। इस दौरान दिव्यांगजनों ने सांसद का आभार जताते हुए कहा कि भाजपा सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है।

## विश्व योग दिवस : आरोग्य भारती ने कराया योगाभ्यास



**जागरण, नर्मदापुरम।** आरोग्य भारती जिला इकाई द्वारा 11वें विश्व योग दिवस के अवसर पर नर्मदापुरम के नर्मदा अपना अस्पताल प्रांगण में स्थित तपोवन में योग संगम का आयोजन किया गया जिसमें योग करने आये सुधिजनो, विद्यार्थियों व मातृशक्ति ने योगाभ्यास किया। योग के माध्यम से विभिन्न रोगों का उपचार कैसे किया जा सकता है इस पर विस्तृत जानकारी दी गई।

मुख्य अतिथि डॉ अतुल सेठा ने कहा कि हमे योग की महत्ता को समझना होगा। विश्व हमारे सनातन स्वास्थ्य चिंतन के मुख्य अंग योग पर रिसर्च में रत है और अपने दैनिक जीवन मे योग को अपना भी रहा है। किंतु भारत द्वारा दिये योग को हमारे द्वारा नियमित रूप से नही किया जा रहा। आरोग्य भारती के जिला अध्यक्ष डॉ एस एस मोटवानी अरोग्य भारती के विषय मे बताते हुए कहा कि आरोग्य भारती के 27 आयाम है जिसमे योग, विद्यालय स्वास्थ प्रबोधन, चिकित्सा विद्यार्थी, स्वस्थ्य ग्राम योजना, आरोग्य मित्र प्रशिक्षण, गर्भाधान संस्कार, घरेलू उपचार, औषधीय पौधों का रोपण आदि प्रमुख हैं। आप सभी को आरोग्य भारती से जुड़ना चाहिए। योगाभ्यास आरोग्य भारती जिला सचिव राकेश चौहान ने करवाया। आभार प्रदर्शन राकेश जैन ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग प्रचार प्रमुख डॉ अतुल सेठा, आरोग्य भारती के जिलाध्यक्ष डॉ एसएस मोटवानी, नर्मदा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंस की प्रिंसिपल डॉ स्नेहा गावंडे, आरोग्य भारती के जिला सचिव योगाचार्य राकेश चौहान, योगाचार्य संध्या चौहान, विवेक वर्मा, आशुतोष दुबे, मोनिका राजपूत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील राठौर, डॉ योगेश वर्मा, संतोष नौरिया, गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी से सुरेंदर सिंह, सहित बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स, महिलाएं व वृद्धजन उपस्थित रहे।

## एनसीसी कैडेट्स ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर किया योगाभ्यास



**जागरण, नर्मदापुरम।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नर्मदा महाविद्यालय में आयोजित सामूहिक योग कार्यक्रम में 13 एमपी बटालियन एनसीसी के एनसीसी कैडेट एवं एनसीसी अधिकारियों ने सम्मिलित होकर सामूहिक योग अभ्यास किया एवं जन समुदाय में योग के प्रचार प्रसार में अपना योगदान भी दिया, मुख्यालय पर आयोजित सामूहिक योग कार्यक्रम में परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी, नपाध्यक्ष नीतू यादव, पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा, जिपं सीईओ एसएस रावत सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने भी योग किया। इस सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में शासकीय एसएनजी उमा विद्यालय एनसीसी के 40, सेमेरिटंस इंग्लिश मीडियम स्कूल के 36, स्प्रिंगडेल इंग्लिश मीडियम स्कूल के 32 एवं शासकीय नर्मदा महाविद्यालय के 60 एनसीसी कैडेट्स ने इस सामूहिक अभ्यास में भाग लिया जबकि एनसीसी अधिकारी फर्स्ट ऑफिसर जय वर्मा, केयरटेकर ऑफिसर यासमीन खान एवं कमर शेख सम्मिलित हुए, 13 एमपी बटालियन एनसीसी नर्मदापुरम से सूबेदार मेजर जेबी सिंह एवं अन्य समस्त जेसीओ एवं एनसीओ सम्मिलित हुए, एनसीसी कैडेट्स का संयोजन ट्रेनिंग जेसीओ राम अवतार द्वारा किया गया।

### बलिदान दिवस पर बूथ स्तर पर कार्यक्रम आज

**जागरण, नर्मदापुरम।** भाजपा द्वारा जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर 23 जून को जिले के प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। जिला महामंत्री कार्यक्रम प्रभारी मुकेश चंद्र मैना ने बताया प्रातः 10 बजे सातरास्ता पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं के द्वारा पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। वृक्षारोपण किया जाएगा। मीडिया प्रभारी अमित माहला ने बताया जिलेभर के बूथों पर पार्टी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि सहित कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी का पुण्य स्मरण कर श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे।

### दैनिक वर्षा की जानकारी

**जागरण, नर्मदापुरम।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया है कि जिले में 22 जून को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 13.9, सिवनीमालवा में 07.0, इटारसी में 15.4, माखननगर में 2.0, सोहागपुर में 5.0, पिपरिया में 7.4, बनखेड़ी में 13.8, पचमढ़ी में 7.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिमी है।

## कम्पिटेंसी बेस्ड साइंस टीचिंग विषय पर स्प्रिंगडेल्स स्कूल में प्रशिक्षण



**जागरण, नर्मदापुरम।** स्प्रिंगडेल्स स्कूल के तत्वाधान में दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम सीनियर सेकेंडरी स्तर पर विज्ञान विषय के शिक्षकों के लिए आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य क्षमता आधारित शिक्षण प्रणाली को समझना और व्यवहार में लाना था। कार्यक्रम का मुख्य विषय एसटीईएम रहा, जिसमें विज्ञान, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और गणित को राष्ट्रीय शिक्षा नीति अनुरूप एकीकृत रूप से पढ़ाने की पद्धति को समझाया गया।

प्रशिक्षण में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें बच्चों में आम तौर पर पाई जाने वाली भावनात्मक और व्यवहार संबंधी समस्याओं को समझने तथा उनके समाधान पर बात हुई। ब्लूम्स टैक्सोनॉमी के माध्यम से विद्यार्थियों में सामान्य से लेकर उच्च कोटि की सोचने की क्षमता को विकसित करने के तरीकों को समझाया गया। विज्ञान पढ़ाने के आसान और रुचिकर तरीकों पर भी विशेष ध्यान दिया गया। इसके साथ ही बहुविकल्पीय प्रश्नों को बनाने की प्रक्रिया, उनके स्तर को आंकने की गतिविधि, पढ़ाई की योजना को विद्यार्थियों की समझ के अनुसार बनाने की विधि, प्रश्न निर्माण और उससे जुड़ी सामान्य जिज्ञासाएँ, तथा मूल्यांकन में प्रयुक्त मूल्यांकन मानक (रूब्रिक) की समझ पर व्यावहारिक जानकारी दी गई। सीबीएसई द्वारा तय प्रशिक्षकगण राशी सिसोदिया, निर्मल पब्लिक स्कूल छिंदवाड़ा से एवं भूमिका सिंह, सेंट जोसेफ कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल भोपाल मौजूद रहे। प्रशिक्षार्थी पूरे प्रदेश के विभिन्न सीबीएसई स्कूलों के विज्ञान शिक्षक रहे। प्रशिक्षार्थियों ने इस कार्यक्रम को बहुत प्रभावी बताया। इस अवसर पर प्राचार्या मोना चटर्जी तथा जनरल मैनेजर सोनल सोखी की उपस्थिति रही। उप-प्रधानाचार्या लक्ष्मी पलोहिया के कुशल निर्देशन में सभी शिक्षकों के सहयोग से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन रचना तिवारी तथा आभार प्रदर्शन प्रमिला कलम द्वारा किया गया।

# वन भूमि पर होने वाले संगठित अपराध को संयुक्त कार्रवाई से करें विफल : कमिश्नर

### वन विभाग की टास्क फोर्स समिति की बैठक में दिए निर्देश

**जागरण, नर्मदापुरम।** संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने वन विभाग की संभाग स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक में निर्देश दिए की वन भूमि पर होने वाले संगठित अपराध को संयुक्त कार्रवाई से विफल किया जाए। इसके लिए उन्होंने पुलिस विभाग एवं वन विभाग की संयुक्त टीम को लगातार वन क्षेत्र में गश्त कर संगठित अपराधों के बारे में पता लगाकर उसे संयुक्त रूप से विफल करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि वन भूमि पर अवैध उत्खनन और परिवहन के प्रकरण पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियम अनुसार सख्त कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने वन भूमि पर संगठित अवैध कटाई, अतिक्रमण, उत्खनन परिवहन के प्रभाव को भी संयुक्त रूप से विफल करने के निर्देश दिए और कहां की आदतन वन एवं वन्य प्राणियों के अपराधियों की संयुक्त सूची तैयार कर पुलिस एवं वन विभाग आपस में जानकारियां साझा करें और संयुक्त रूप से ऐसे संगठित वन एवं वन प्राणियों के अपराधियों पर कार्रवाई करना भी सुनिश्चित करें। टास्क फोर्स समिति के बैठक में पुलिस महानिरीक्षक मिथिलेश कुमार शुक्ला, मुख्य वन संरक्षक अशोक कुमार, डीआईजी प्रशांत खरे, कलेक्टर सोनिया मीना, कलेक्टर बैतूल नरेंद्र सूर्यवंशी, कलेक्टर हरदा सिद्धार्थ जैन एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद थे। कमिश्नर श्री तिवारी ने विद्युत लाइनो मैं होने वाले ट्रिपिंग को सख्ती से रोकने के निर्देश दिए और कहां की विद्युत विभाग एवं वन विभाग वन क्षेत्रो में विद्युत लाइनों का रखरखाव समुचित ढंग से करें साथ ही विद्युत विभाग एवं वन विभाग की टीम संयुक्त रूप से गश्त कर विद्युत लाइनें में हो रही ट्रिपिंग को रोके। उल्लेखनीय है कि विद्युत लाइन में ट्रिपिंग कर वन अपराधी वन्य प्राणियों का शिकार करते हैं। कमिश्नर ने वन भूमि पर होने वाले अतिक्रमण को भी सख्ती से रोकने के निर्देश दिए। बताया गया कि वर्तमान में सोहागपुर में वन भूमि से अतिक्रमण हटाया गया है।



कमिश्नर ने वन व्यवस्थापन अधिकारियों के पास भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 4 में अधिसूचित वन खंडों में धारा 5 से 19 तक की कार्रवाई समय सीमा में संपादित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में बताया कि नर्मदापुरम में वन व्यवस्थापन के प्रकरण नहीं मिले लेकिन 11 प्रकरण सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के वन व्यवस्थापन से संबंधित थे। कमिश्नर ने निर्देश दिए की सभी राजस्व अधिकारी वन विभाग को पत्र लिखकर वन व्यवस्थापन से संबंधित प्रकरण ढूंढने में सहयोग मांगे। दोनों ओर से संयुक्त प्रयास करने पर वन व्यवस्थापन के प्रकरण प्राप्त किया जा सकेंगे। बताया गया कि बैतूल में 58 एवं हरदा में 18 प्रकरण वन व्यवस्थापन से संबंधित मिले हैं।

### कमिश्नर ने ली सतर्कता सलाहकार एवं निगरानी समिति की बैठक

जाति प्रमाण पत्र के अभाव में पुलिस थानो में दर्ज विवेचना के प्रकरण लंबित न रहे। पुलिस एवं राजस्व अधिकारी आपसी समन्वय से जाति प्रमाण पत्र शीघ्र जारी किए जाने की कार्रवाई करें। उपखंड स्तरीय समितियो की बैठकें नियमित अंतराल से आयोजित की जाए ताकि जाति प्रमाण पत्र जारी किए जाने के संबंध में भी समन्वय हो सके यदि किसी दूसरे जिले से पीड़ित का जाति प्रमाण पत्र बुलाना है तो वह भी समय सीमा में रहते बुला लिया जाए। सभी कलेक्टर जाति प्रमाण पत्र जारी करने वाले अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित करें कि वह ऐसे प्रकरणों में शीघ्र नियम अनुसार कार्रवाई पूर्ण कर जाति प्रमाण पत्र जारी करें। उक्त निर्देश संभाग कमिश्नर श्री तिवारी ने जनजाति कार्य विभाग की संभाग स्तरीय सतर्कता सलाहकार एवं निगरानी समिति की बैठक में दिए। उल्लेखनीय है कि नर्मदापुरम संभाग में 30 दिन से कम अवधि के विवेचना में लंबित 44 तथा 60 दिन से अधिक की अवधि में विवेचना के 37 जाति प्रमाण पत्र के प्रकरण लंबित है। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक मिथिलेश कुमार शुक्ला, डीआईजी प्रशांत खरे, कलेक्टर सोनिया मीना, बैतूल कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी, हरदा कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, संभागीय उपायुक्त जेपी यादव, लोक अभियोजन अधिकारी गण तथा संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज कार्नर

### दो खिलाड़ियों ने पास किया रेफरी फिटनेस टेस्ट

**जागरण, इटारसी।** मध्य प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा जबलपुर में आयोजित रेफरी फिटनेस टेस्ट में आज नर्मदापुरम जिला फुटबॉल संघ से शामिल हुई पलक दास फाइटर फुटबॉल क्लब, इटारसी एवं मुस्कान लौवंशी आदर्श फुटबॉल क्लब, सिवनी मालवा ने सफलतापूर्वक फिजिकल फिटनेस टेस्ट पास किया। उनकी उपलब्धि पर शिवाकांत गुड्डन पांडे, विष्णुकांत पांडे डैनी, सत्यम अग्रवाल, मूलचंद रैकवार दीपू पुरोहित, भागवत सिंह राजपूत, डालचंद राज, प्रीतम तिवारी, उद्धव राजपूत, राकेश रैकवार, आशीष डेविड, कमल ठाकुर, प्रीतम पुरवइया, सुमित कनौजिया, संतोष यादव, भूषण कनौजिया, चिन्ना राव सहित समस्त नर्मदापुरम जिला फुटबाल संघ ने खुशी जाहिर की है।

### पांच दुकानों पर किया जुर्माना



**जागरण, इटारसी।** नगर पालिका के अमले ने डस्टबिन न मिलने पर पांच दुकानों पर चालानी कार्रवाई करके जुर्माना वसूल किया है। चाय-नाश्ता की दुकानों पर डस्टबिन नहीं रखे थे और ग्राहक खानपान खाने के बाद गंदगी सड़क पर ही फैक रहे थे। नगर पालिका के स्वच्छता और राजस्व अमले ने बाजार में घूमकर ऐसे दुकानदारों पर चालानी कार्रवाई की। नाश्ता दुकान, समोसा, कचौरी की दुकानों पर डस्टबिन न रखने पर एवं गंदगी होने पर चालानी कार्रवाई की गई। राजस्व अमले ने पांच दुकानों पर चालानी कार्रवाई करके 1 हजार 400 रुपए का जुर्माना वसूल किया है। सभी दुकानदारों को अपने दुकानों के सामने डस्टबिन रखने और गंदगी न करने की हिदायत दी गई है।

### भाजपाइयों ने किया कालोनी में पौधरोपण

**जागरण, इटारसी।** बारिश पूर्व भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पुरानी इटारसी के अंतर्गत मेहरागांव पंचायत के साईं कॉलोनी में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, भाजपा जिला महामंत्री मुकेश मैना, मेहरागांव पंचायत सरपंच जितेन्द्र पटेल सहित पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

### जुझारपुर फाटक 1 जुलाई तक बंद

**जागरण, इटारसी।** रेल विभाग के द्वारा शहर के करीबी ग्राम जुझारपुर में संचालित रेलवे गेट क्रमांक 225 स्पेशल डाउन अप रोड पर मध्य फाटक पर ट्रैक के अनुरक्षण मरम्मत कार्य होने 25 जून से लेकर 1 जुलाई तक एक सप्ताह के लिए बंद किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवधि में जुझारपुर रेलवे फाटक पर मरम्मत कार्य कराया जाएगा। इस दौरान रेलवे गेट पर से आवागमन पूर्णत बंद रहेगा।

### दिन में जगमगा रही स्ट्रीट लाइट

**जागरण, इटारसी।** शहर में रविवार को सरकारी अस्पताल के बाजू वाले मुख्य मार्ग की स्ट्रीट लाइट दोपहर में भी प्रकाशित होती रही है। अब तो शहर के अनेक क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट दिन में भी प्रकाशित होना आम बात हो चुकी है।

# एक घंटे की रिमझिम बारिश से ही सड़कों पर जलभराव, नपा की सफाई पर उठे सवाल

**जागरण, इटारसी।** शहर में जून माह के दूसरे पखवाड़े में आखिरकार मानसून की सक्रियता बढ़ गई। रविवार को सुबह आसमान पर तेजी से बादलों का जमावड़ा हो गया। लगभग एक घंटे तक रिमझिम बारिश होने से लोगों ने राहत की सांस ली है। वही लोग इस बारिश को इस साल मानसून की दस्तक के साथ पहली बारिश मान रहें हैं। नगरपालिका द्वारा एक हफ्ते में तीन बार जेसीबी से सफाई कराने का दावा किया था। लेकिन शहर के कई क्षेत्रों में पहली बारिश में जलभराव हो गया।

शहर में लंबे समय तक आसमान पर बादलों का जमावड़ा होता रहा। इसके बाद रविवार की सुबह करीब 7:45 बजे से हुई लगभग 1 घंटे की बारिश में तापमान में अच्छी खासी गिरावट ला दी है। इतना ही नहीं रविवार की सुबह हुई बारिश से शहर भर के अनेक वार्ड क्षेत्र में जलभराव की स्थिति बन गई। हालांकि यह बारिश लंबे समय तक नहीं हो सकी जिससे नगर पालिका की विशेष साफ-सफाई की पोल खुलती रह गई। लेकिन आगामी दिनों में मानसून की सक्रियता के साथ तेज बारिश की जोरदार दस्तक कभी भी देखी जा सकती है। इसके बाद शहर की निचली बस्तियों के साथ ही लाइन क्षेत्र और अन्य वार्ड क्षेत्र में भी जलभराव की स्थिति देखने को मिलेगी। जैसा की शहर के आम नागरिकों को हर साल तेज बारिश के बाद शहर की स्थिति का नजारा देखने को मिलता है वह शायद अभी भी बरसात के मौसम में आगे शहर के हालात बनते दिखाई देंगे।





### आडिटोरियम मार्ग पर भराया बारिश का पानी

बीती रात और आज सुबह से हो रही रिमझिम बारिश की वजह से ऑडिटोरियम रोड पर जलभराव हो गया, जिसके कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि यह समस्या का सामना बारिश ही नहीं आम दिनों में भी नागरिकों को करना पड़ता है। पिछले तीन साल से इस मार्ग पर जलभराव की स्थिति बनी हुई है। नगर पालिका द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा जिसके वजह से लोगों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ती है। इटारसी के और भी मुख्य मार्ग पर जलभराव की समस्या एक गंभीर मुद्दा है, जिससे नागरिकों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में यह समस्या और भी बढ़ जाती है, जिससे यातायात बाधित होता है और गंदगी तथा बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इस समस्या के समाधान के लिए, नगर पालिका को प्रभावी कदम उठाने चाहिए, जिससे कि नालियों की सफाई और जल निकासी प्रणाली बेहतर हो सके। नागरिकों को इस समस्या से निजात दिलाने के लिए, नगर पालिका को तत्काल प्रभावी कदम उठाने चाहिए।

### लाइन क्षेत्र की सड़कों पर एक फीट पानी

शहर में पहली सामान्य बारिश ने ही नगर पालिका की सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी। रविवार सुबह करीब 10 बजे की बारिश के बाद लाइन एरिया की पांचवीं लाइन और आसपास की सड़कें जलभराव की चपेट में आ गईं। यहां सड़क किनारे नाला के मुहाने पर प्लास्टिक, पॉलिथीन, और घरेलू कचरे का ढेर जमा है। बारिश का पानी बहाव के बिना सड़कों पर फैलता दिखाई देता है। सड़क किनारे खड़ीं बाइकें और आधा पानी में डूबा ट्रैक हिस्सा यह बताता है कि यदि बारिश और तेज़ होती, तो हालात बदतर हो सकते थे।

# जनसुनवाई और सीएम हेल्प लाइन में शिकायत के बाद भी नहीं हटा अतिक्रमण

**जागरण, इटारसी।** एक अतिक्रमणकारी, सब पर भारी। न तो नगर पालिका कुछ कर पा रही, ना तहसील आफिस, और ना ही सीएम की हेल्प लाइन। एक नागरिक जो परेशान है, जनसुनवाई में एक से अधिक बार, एसडीएम के पास, तहसील आफिस, सीएम के पास तक शिकायत कर चुका है, लेकिन उसकी समस्या का निदान तो दूर की बात है, किसी ने सच्चाई भी जानने की कोशिश नहीं की है। जाहिर है, जनसुनवाई में भी महज रस्म अदायगी ही हो रही होगी।

मालवीयगंज वार्ड 20 की निवासी गीता अहके पति बदामीलाल अहके ने बताया कि उन्होंने बैंक से लोन लेकर मकान बनाया है। उनके मकान के साइड में किसी बसंत चौधरी ने झोपड़ी बनाकर उसमें मवेशी रखकर दूध का कारोबार किया जा रहा है। गीता अहके का कहना है कि उक्त जगह शासकीय रास्ता है, जहां यह कारोबार किया जा रहा है।

उनको गोबर, गौमूत्र आदि की बदबू से परेशानी हो रही है। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार एवं नगर पालिका में आवेदन दिये देने आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जनसुनवाई में उनको केवल आश्वासन ही मिल रहे हैं।

#### कब-कब दिए आवेदन

- एसडीएम कार्यालय/तहसील आफिस में 8 अप्रैल 2024
- नगर पालिका इटारसी में 8 अप्रैल 2024
- नगर पालिका इटारसी में 26 नवंबर 2024
- सीएम हेल्प लाइन (शिकायत क्रमांक 27546839)- 21 जून 24 (आश्वसन देकर शिकायत बंद करा दी गई)
- सीएम हेल्प लाइन क्रमांक 32077667 - दिनांक 28 अप्रैल 25
- जनसुनवाई आवेदन दिनांक 20 मई 2025
- जनसुनवाई आवेदन दिनांक 17 जून 2025

नगर पालिका ने संबंधित को केवल दो नोटिस दिये, इससे आगे कोई कार्रवाई नहीं की गई। नोटिस में नगर पालिका ने संबंधित को लिखा कि शासकीय सड़क पर किया अतिक्रमण हटाएं। सीएम हेल्प लाइन का संदर्भ भी दिया, इससे आगे कोई कार्रवाई नहीं की। अलबत्ता आश्वासन देकर सीएम हेल्प लाइन कटवा दी गई।

# सीएमओ ने किया सफाई कार्य का निरीक्षण



**जागरण, इटारसी।** मानसून के दौरान कई जगह जलभराव की स्थिति का सीएमओ ऋतु मेहरा ने निरीक्षण किया। उन्होंने वार्ड क्रमांक 34 में जमानी रोड पर नाला सफाई कार्य का निरीक्षण किया। यहां के लोगों ने एसडीएम के पास शिकायत की थी।

पहले एसडीएम टी प्रतीक राव ने यहां का निरीक्षण कर नगर पालिका को समस्या का निदान करने के निर्देश दिये थे। सीएमओ श्रीमती मेहरा ने मौके पर जाकर नाला का निरीक्षण कर बेहतर तरीके से सफाई के निर्देश दिये और बारिश में जलभराव न हो, ऐसा निराकरण करने को कहा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती ऋतु मेहरा ने खेड़ा पहुंचकर यहां चल रहे तालाब निर्माण कार्य का निरीक्षण भी किया। अमृत 0.2 के तहत खेड़ा स्थित तालाब का जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। यहां टो बाल बनायी जा रही है, जो स्टोन पिचिन एवं फुटपाथ के नीचे की मिट्टी को गिरने से रोकने एवं सपोर्ट करने के लिए बनायी जाती है।

### भोपाल और नीमच ने जीते अपने-अपने मैच

**जागरण, इटारसी।** जूनियर बालक अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता के पांचवें दिन दो मैच खेले गए। पहला मैच डीएफए भोपाल और डीएफए मुरैना के मध्य खेला गया। इस मैच में भोपाल ने प्रथम हाफ में दो गोल मारकर आप टाइम तक आगे बढ़त बना ली। मैच के दूसरे हाफ़ में मुरैना ने दो गोल मारकर बराबरी की वही मैच के खत्म होते-होते भोपाल ने दो गोल और मारकर 4-2 से जीत हासिल की। प्रतियोगिता का दूसरा मैच डीएफए नर्मदापुरम एवं डीएफए नीमच के मध्य खेला गया। यह मैच रोमांचकारी हुआ। मैच में नीमच ने प्रथम हाफ में एक गोल मारकर बढ़त हासिल की। वहीं दूसरे हाफ में 1 गोल मारकर नीमच ने 2-0 से जीत हासिल की।

# जिला कांग्रेस का संगठन सृजन का प्रथम चरण पूर्ण, जिलाध्यक्ष ने जताया आभार



**जागरण, इटारसी।** संगठन सृजन के तहत 18 जून से 21 जून तक नर्मदापुरम जिले में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पर्यवेक्षक अजॉय कुमार प्रदेश पर्यवेक्षक अवधेश सिसोदिया भूपेंद्र मोहासा सुखदेव पांसे द्वारा नर्मदापुरम जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसजनों से विचार विमर्श एवं चर्चा की गई।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडे ने बताया कि नर्मदापुरम जिले के कांग्रेसियों ने संगठन सृजन अभियान के तहत जिले में संगठन की मजबूती के लिए अपने विचार एवं अपनी बात को जिस प्रकार सहजता और सरलता एवं शांतिपूर्ण तरीके से पर्यवेक्षक के समक्ष रखा इसके लिए जिला कांग्रेस कमेटी नर्मदापुरम सभी का आभार प्रकट करती है। श्री पांडे ने कहा कि आने वाले समय में भी हम सब कांग्रेस को मजबूती प्रदान करेंगे एवं चारों विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस का परचम लहराएंगे।

# न्यू गरीबी लाइन क्षेत्र में काले मुंह वाले बंदरों का आतंक, रहवासी हो रहे परेशान

**जागरण, इटारसी।** गर्मी के मौसम में आसपास के जंगल से भूख और प्यास की तलाश में पलायन करने वाले जानवरों को शहरी क्षेत्र में भटकते देखा जा रहा है जो कि अभी बरसात का मौसम शुरू होने पर भी बड़ी तादाद में समूह में दिखाई दे रहे हैं।

बताया जा रहा है कि शहर के न्यू गरीबी लाइन क्षेत्र में रविवार को बड़ी तादात में काले मुंह वाले बंदरों को समूह में देखा जा रहा है। इतना ही नहीं इस क्षेत्र में यह बंदर लोगों के घरों में घुसकर खानपान की सामग्री लेकर भाग जाते हैं और लोगों के द्वारा जब इन बंदरों के समूह को भगाया जाता है तो यह लोगों पर ही हमला कर देते हैं और उन्हें नाखूनों से नोच कर काट खाते हैं जिससे वह घायल हो जाते हैं। ऐसी स्थिति वर्तमान में न्यू गरीबी लाइन क्षेत्र में बनी हुई है। जबकि वन विभाग को चाहिए कि ऐसे आतंक मचाने वाले बंदरों के समूह की धरपकड़ की जानी चाहिए जिससे कि शहरवासियों को ऐसे बंदरों के आतंक से राहत मिल सके।

# रेलवे स्टेशन परिसर में बेतरतीब खड़े वाहनों से हो रही परेशानी

**जागरण, इटारसी।** रेलवे स्टेशन परिसर में बेतरतीब ढंग से खड़े चार पहिया और दो पहिया वाहनों से यात्रियों को परेशानी हो रही है। स्टेशन परिसर में पार्किंग की उचित व्यवस्था न होने के कारण, यात्री और उनके परिजन वाहनों को कहीं भी खड़ा कर देते हैं, जिससे यात्रियों को आने-जाने में दिक्कत होती है।

इटारसी रेलवे स्टेशन, जो कि मध्य प्रदेश का एक महत्वपूर्ण जंक्शन है, यहां से प्रतिदिन हजारों यात्री यात्रा करते हैं। स्टेशन परिसर में यात्रियों के वाहनों की पार्किंग के लिए पर्याप्त स्थान नहीं है।



इसके कारण, चार पहिया और दो पहिया वाहन चालक अपनी गाड़ियां कहीं भी खड़ी कर देते हैं। इससे न केवल स्टेशन परिसर में यातायात बाधित होता है, बल्कि यात्रियों को भी परेशानी होती है।

यात्री अपनी गाड़ियों को स्टेशन के प्रवेश द्वार पर, फुटपाथ पर, या अन्य अनुचित स्थानों पर खड़ा कर देते हैं। इससे यात्रियों को स्टेशन में प्रवेश करने और बाहर निकलने में मुश्किल होती है। खासकर, बुजुर्ग, विकलांग और महिलाएं, जो सामान के साथ यात्रा कर रही हैं, उन्हें अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है।

कभी इमरजेंसी में एंबुलेंस स्टेशन परिसर में किसी बीमार या घायल यात्री को लेने पहुंचे तो उस यात्री के साथ दुर्घटना घट सकती है। यात्रियों का कहना है कि रेलवे प्रशासन को इस गंभीर समस्या का समाधान करना चाहिए। स्टेशन परिसर में फोर व्हीलर पार्किंग की उचित व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि इस समस्या से निजात मिल सके।

# नियमित योग से हम न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी फिट रहते हैं : चोलकर

**जागरण, इटारसी।** विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पॉलिटेक्निक कालेज परिसर में प्राणायाम के साथ सूर्य नमस्कार कर योग किया गया। प्राचार्य आरके चोलकर ने विद्यार्थियों को योग के विषय में लाभ बताते हुए कहा कि शरीर को स्वस्थ एवं स्फूर्ति दायक बनाने के लिए प्रतिदिन योग करना अति आवश्यक है। प्रतिदिन योग करने से शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। योग शरीर को स्वस्थ एवं निरोग रखने में सहायक है। योग से शरीर को स्वस्थ, मन एवं बुद्धि को शांत रखा जा सकता है। योग से एकाग्रता और मानसिक स्थिरता भी प्राप्त की जा सकती है। योग या शारीरिक श्रम करना हमारे शरीर के लिए उतना ही जरूरी है, जितना की भोजन एवं पानी पीना। नियमित योग से हम न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी फिट रहते हैं। नियमित योग के लाभ हमें आभास होने लगेंगे। जब योग हमारी दिनचर्या का हिस्सा बन जाएगा। योग अभ्यास में विद्यार्थियों को अनुलोम विलोम, कपालभाति, पद्मासन, ब्रजासन, मकरासन, भुजंगासन, ताड़ासन, चक्रासन का अभ्यास कराया गया। संस्था में विभागाध्यक्ष विकास सिद्धू, लोकेंद्र सिंह बनाफर, भूपेंद्र जोठे, रामकुमार उईके, प्रबल गौर एवं संस्था के 50 से भी अधिक विद्यार्थी उपस्थित रहे। छात्राओं के लिए श्रीमती पल्लवी नरवरे के मार्गदर्शन में संस्था की महिला सदस्यों के साथ सूर्य नमस्कार एवं योग कराया गया।



# एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग

**जागरण, इटारसी।** भगवान बिरसा मुंडा शासकीय महाविद्यालय सुखतवा में 21 जून को प्रातः 6 बजे से एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सर्वप्रथम मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा संबोधित किया गया तत्पश्चात भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे विश्व को विशाखापत्तनम से योग के लक्ष्य के बारे में संबोधित किया और इसके पश्चात वहीं से योगाचार्य के द्वारा निर्देशित तरीकों से योगाभ्यास किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ नीता राजपूत के निर्देशन में एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर आयोजन हुआ, साथ ही समस्त स्टॉफ, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक एवं विद्यार्थी एवं अन्य कर्मचारियों ने प्रसारण के अनुरूप योगासन किए।



मुख्य वक्ता के रूप में डॉ मंजू मालवीय, डॉ प्रवीण कुशवाहा द्वारा विभिन्न योगासनों का विस्तृत वर्णन किया गया। सीधे प्रसारण के अनुरूप विभिन्न योगासन समस्त उपस्थित सहभागियों द्वारा किए गए। संचालन डॉ धीरज गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ राधा आशीष पांडे द्वारा संपूर्ण कार्यक्रम का संयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक संकेत, पीयूष, करण, शिखा, अंजली, कीर्ति, महक, साक्षी और अन्य स्वयंसेवकों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

**विमोचन** | इटारसी के इतिहास पर तीन वर्षों की मेहनत से लिखी संदर्भ इटारसी पुस्तक का दी पार्क क्लब एंड रिसोर्ट में हुआ विमोचन

# संदर्भ इटारसी भव्य समारोह पूर्वक इटारसी को हुई समर्पित

**जागरण, इटारसी।** नगर के इतिहास पर वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद पगारे द्वारा अपने माता पिता श्रीमती शांतिदेवी महादेव पगारे स्मृति समिति के तत्वावधान में लिखी गई बहुप्रतीक्षित पुस्तक संदर्भ इटारसी शनिवार को भव्य समारोहपूर्वक इटारसी को समर्पित हो गई। क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व अध्यक्ष मप्र विधानसभा डॉ सीतासरन शर्मा, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सदस्य श्रीमती माया नारोलिया, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला, इटारसी नपाध्यक्ष पंकज चौरे, वरिष्ठ व्यवसायी एवं उद्योगपति कैलाश शर्मा, हेमंत शुक्ला एवं प्रमोद अग्रवाल के आतिथ्य में संदर्भ इटारसी पुस्तक का विमोचन समारोह संपन्न हुआ।

इटारसी नर्मदापुरम रोड़ स्थित दी पार्क क्लब एंड रिसॉर्ट में आयोजित विमोचन समारोह में बतौर अतिथि क्षेत्रीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने संदर्भ इटारसी के लेखक प्रमोद पगारे पत्रकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे हर विधा में पारंगत हैं। अब उनके द्वारा लिखी गई ये संदर्भ इटारसी पुस्तक मील का पत्थर साबित होगी। इसमें लिखित जानकारियां क्षेत्र के हजारों छात्र छात्राओं के लिए इटारसी को जानने में मदद मिलेगी। वहीं क्षेत्रीय विधायक डॉ शर्मा ने कहा कि श्री पगारे का जीवन समाजसेवा को समर्पित है। उनके हर कार्य में नगरहित समाहित होता है। संदर्भ इटारसी नगर की अमूल्य धरोहर बनेगी। सालों तक लोग इससे जानकारी प्राप्त करेंगे और प्रेरित होते रहेंगे। राज्यसभा सदस्य श्रीमती माया नारोलिया ने संदर्भ इटारसी में समाहित बातों का जिक्र करते हुए उसका प्रकाशन अतिआवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि श्री पगारे की तीन वर्षों की कठिन मेहनत, उनके साहित्य ओर समाज प्रेम का जीवंत उदाहरण है। संदर्भ इटारसी कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने भी संबोधन दिया। स्वागत भाषण प्रमोद पगारे द्वारा दिया गया। संचालन भूपेंद्र विश्वकर्मा एवं आभार प्रदर्शन हेमंत मधु शुक्ला द्वारा किया गया।



### 11 प्रतिभाओं का सम्मान

संदर्भ इटारसी पुस्तक के विमोचन समारोह में नगर की 11 प्रमुख हस्तियों ओर प्रतिभाओं का सम्मान किया गया जिन्होंने इटारसी का नाम रोशन किया है। जिनमें हाल ही में यूपीएससी चयनित मोनू शर्मा, सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष जितेंद्र ओझा, समाजसेवी मनीष ठाकुर, अभिनेता राहुल चेलानी, फिल्म प्रोड्यूसर भोलाराम मालवीय, वरिष्ठ पत्रकार पंकज पटेरिया, पत्रकार संदीप भम्मरकर, संयुक्त कलेक्टर निकिता तिवारी, सॉफ्टबॉल के अंतर्राष्ट्रीय कोच ओर खिलाड़ी आलोक चौधरी, वैद्य राम आसरे वाजपेई एवं अंतर्राष्ट्रीय हास्य कवि राजेंद्र मालवीय आलसी को विशेष सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया।

### पुस्तक सहयोगियों का भी हुआ सम्मान

संदर्भ इटारसी पुस्तक के लेखन से लेकर विमोचन समारोह तक में सहयोगी करीब 17 व्यक्तियों का भी श्रीमती शांतिदेवी महादेव पगारे स्मृति समिति द्वारा अतिथियों के करकमलों से सम्मान किया गया। जिनमें वरिष्ठ साहित्यकार मिलिंद रोंधे, विनोद कुशवाह, अविनेश चंद्रवंशी, संजय अहिरवार, प्रिया ठाकुर, संचालक दी पार्क रिसॉर्ट, सुरेंद्र ठाकुर बबली, यशवर्धन चौबे, शरद दीक्षित, विनीत चौकसे, नीलेश जैन, शेखर पगारे, सुनील दुबे, अमित मौर्य, अमित सेठ, घनश्याम तिवारी, सादिक खान, आशु सेन को सम्मानित किया गया।

# सरस्वती शिशु मंदिर : अब 11वीं से नगर में कृषि विज्ञान की पढ़ाई संभव

**जागरण, इटारसी।** सरस्वती शिशु मंदिर में अब कृषि विज्ञान संकाय प्रारंभ हो चुका है। नगर में यह एकमात्र ऐसा विद्यालय है जहां पांचों संकाय में शिक्षण हो रहा है। शिक्षा और संस्कारों के क्षेत्र में वर्ष 1973 से अग्रणी सरस्वती शिशु मंदिर आज भी गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक शिक्षा का केंद्र बना हुआ है। विद्या भारती द्वारा संचालित यह हायर सेकंडरी स्कूल नगर में भारत टॉकीज रोड, मालवीयगंज और पुरानी इटारसी में तीन शाखाओं के माध्यम से संचालित हो रहा है। विद्यालय में अंग्रेजी व हिंदी दोनों माध्यमों में शिक्षा उपलब्ध है।

विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विशाल खेल मैदान, आधुनिक साइंस लैब, स्मार्ट क्लासरूम और समृद्ध पुस्तकालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। यहां के प्रशिक्षित शिक्षकों के मार्गदर्शन में कई छात्र 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त कर चुके हैं।

यह इटारसी का एकमात्र विद्यालय है जहां गणित, जीवविज्ञान, वाणिज्य, कला और कृषि संकाय की पढ़ाई एक साथ उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत विद्यालय द्वारा प्री-प्राइमरी सेक्शन शिशुवाटिका का संचालन भी किया जा रहा है, जहां प्रशिक्षित शिक्षिकाओं द्वारा खेल-खेल में बच्चों का समग्र विकास किया जाता है।

वाहन सुविधा और विशेष प्रवेश योजना नगर एवं आसपास के विद्यार्थियों के लिए स्कूल वाहन सुविधा उपलब्ध है। वर्तमान में सीमित समय के लिए विशेष प्रवेश योजना के तहत नए सत्र के लिए प्रवेश प्रारंभ हैं। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, हमारा उद्देश्य केवल शिक्षा प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को संस्कार, आत्मनिर्भरता और चरित्र निर्माण की दिशा में मार्गदर्शन देना है, जिससे वे योग्य और जिम्मेदार नागरिक बन सकें।

## न्यूज कार्नर

### वरिष्ठ पार्षद भारद्वाज को मातृशोक



**जागरण, अशोकनगर।** शिक्षक रविंद्र भारद्वाज, पूर्व नपा उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पार्षद महेन्द्र भारद्वाज की माताजी का रविवार को देहावसान हो गया। उनकी अंतिम यात्रा इन्दिरा पार्क स्थित उनके निवास से पठार स्थित मुक्तिधाम के लिए निकली। अंतिम विदाई देने के लिए बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल हुए। लोगों ने मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए श्रद्धा-सुमन अर्पित किए हैं साथ ही शोक-संतप्त भारद्वाज परिवार को सांत्वना दी है।

### भारतेन्दु यादव होंगे अशोकनगर तहसीलदार



**जागरण अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा प्रशासनिक बदलाव करते हुए अशोकनगर तहसीलदार का प्रभार नवागत नायब तहसीलदार भारतेन्दु यादव को दिया है, तो वहीं ईसागढ़ रोहित रघुवंशी, नईसंराय मयंत तिवारी को प्रभारी तहसीलदार बनाया है।

# राजा-सोनम केस में चौकीदार को पकड़ने मदागन पहुंची शिलांग पुलिस

## जिस फ्लैट में सोनम रुकी उसके चौकीदार को लिया हिरासत में






**जागरण अशोकनगर।** राजा रघुवंशी हत्याकांड की जांच शिलांग पुलिस द्वारा की जा रही है। रविवार की सुबह शिलांग पुलिस ने शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के मदागन गांव से एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि हिरासत में लिया गया बलवीर उर्फ बल्ली अहिरवार इंदौर के उसी फ्लैट में चौकीदारी और कार पेंटर का काम करता था जहां राजा रघुवंशी की हत्या के बाद आरोपी सोनम रघुवंशी रुकी थी।

उल्लेखनीय है कि इंदौर का एक कपल हनीमून मनाने के लिए मेघालय के शिलांग गया था, जहां पति राजा रघुवंशी की हत्या कर दी गई थी हत्या का आरोप राजा रघुवंशी की पत्नि सोनम रघुवंशी सहित विशाल, आनंद, आकाश और राज कुशवाह नामक युवकों पर है। हत्या के बाद सोनम इंदौर के देवास नाका स्थित हीराबाग कॉलोनी में शिलाम जेम्स के फ्लैट में रुकी थी। शिलाम जेम्स को शनिवार को हिरासत में लिया गया है। पुलिस को जांच में पता चला है कि जिस फ्लैट में सोनम रुकी थी उसमें से एक बैग गायब किया गया है जिसमें करीब पांच लाख रुपये और एक पिस्टल थी। शिलाम जेम्स ने पूछताछ में चौकीदार बलवीर उर्फ बल्ली का नाम लिया था, जिसके बाद पुलिस ने शाढ़ौरा पुलिस के सहयोग से बल्ली को हिरासत में लिया है।

**इनका कहना है...**

बलवीर अहिरवार नामक एक व्यक्ति को जो शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के मदागन गांव के रहने वाले हैं उनको आज सुबह शिलांग पुलिस हिरासत में लेकर इंदौर ले गई है। प्रारंभिक रूप से जो जानकारी मिली है उसके अनुसार राजा रघुवंशी मर्डर के बाद सोनम रघुवंशी जिस फ्लैट में रुकी थी उस बिल्डिंग में यह व्यक्ति चौकीदारी और कारपेंटर का काम कर रहे थे। सोनम के पास जो ट्राली बैग था और जो अब गायब है उसके संबंध में बिल्डिंग मालिक, फ्लैट मालिक और चौकीदार से पूछताछ की जा रही है। **-विनीत कुमार जैन, एसपी अशोकनगर**

# दिनभर चला बारिश का दौर, पिछले साल से अब तक ढाई गुना ज्यादा बारिश

**जागरण अशोकनगर।** जिले में मानसूनी बारिश लगातार दूसरे दिन भी जारी रही। शनिवार को पूरे दिन बरसात के बाद शनिवार-रविवार की दरमियानी रात और रविवार को पूरे दिन बारिश का दौर चला। जहां पिछले साल 22 जून तक 34.25 मिमी बारिश दर्ज की गई थी वहीं इस बार 124.50 बारिश दर्ज हुई है यानी पिछले साल की अपेक्षा 90.25 मिमी अधिक बारिश रविवार तक हुई है। रविवार को 26 मिमी औसत बारिश दर्ज की गई है जिसमें सबसे अधिक 40 मिमी मुंगावली तहसील में दर्ज हुई है जबकि चन्देरी में 26, अशोकनगर में 20 और ईसागढ़ में 18 मिमी बारिश दर्ज की गई है। जिले की चारों तहसीलों में कुल 498 मिमी बारिश हुई है यानी जिले में 124.50 मिमी औसत बारिश हुई है। जिले में मानसून के सक्रिय होने से लगातार बारिश हो रही है।

# प्राणपुर घाटी पर पलटे ट्रैक्टर-ट्राली, दो भाईयों की मौत


**जागरण अशोकनगर।** चन्देरी-ललितपुर मार्ग पर स्थित प्राणपुर घाटी जानलेवा साबित हो रही है। शनिवार की रात में एक ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से दो सगे भाईयों की मौत हो गई जबकि उनके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिन्हें उपचार के लिए ग्वालियर रेफर किया गया है। उत्तरप्रदेश के ललितपुर जिले के पाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम निबाहो के रहने वाले कृषक ब्रजलाल यादव अपने दो बेटे मंजीत और सोहन सिंह के साथ सोयाबीन का बीज लेने के लिए शनिवार को चन्देरी आए थे। उनके साथ अनूप पुत्र विजय सिंह ठाकुर और रूपेश कुमार यादव भी थे। बीज लेकर लौटते समय जब ब्रजलाल यादव अपने बेटों के साथ प्राणपुर घाटी पर पहुंचे तो ट्रैक्टर चला रहे सोहन सिंह ने ट्रैक्टर से अपना नियंत्रण खो दियाए जिससे ट्रैक्टर-ट्राली पलट गए और ट्रैक्टर-ट्राली घाटी से नीचे जाकर खाई में औंधे हो गए। दुर्घटना में 31 वर्षीय मंजीत और 33 वर्षीय सोहन सिंह की मौत हो गई जबकि 60 वर्षीय ब्रजलाल यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी मिलने पर डायल 100 गाड़ी मौके पर पहुंची और तीनों को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने सोहन सिंह और मंजीत को मृत घोषित कर दिया।

# प्लेटफार्म 2 पर छूटा यात्री का बैग जीआरपी में की शिकायत

**जागरण मुंगावली।** बिना निवासी मनमोहन पटेरिया पुत्र कैलाश नारायण पटेरिया अपने निजी काम से नगर में आए थे और वह अपना काम पूरा कर वापिस बिना जा रहे थे और ट्रेन के इंतजार में प्लेटफार्म 2 पर गाड़ी आने का इंतजार कर रहे थे और जैसे ही गाड़ी आई वह अपना एक बैग प्लेटफार्म पर भूल गए जिसमें उनके जरूरी कागज रखे हुए थे जिसकी शिकायत फरियादी द्वारा जीआरपी थाने में की गई है जिसमें कहा गया है कि उनके बैग में जमीन की रजिस्ट्री की मूल प्रति रखी हुई है उनकी जमीन सेमरखेड़ी में है जिसका खसरा क्रमांक 37 की कापी है उक्त कागज उनके लिए बहुत आवश्यक है जिसका जीआरपी पुलिस द्वारा खोजबीन की जा रही है। जिससे यात्री का बैग जल्द से जल्द मिल सके। बैग में आवश्यक दस्तावेज होने के कारण भी जीआरपी पुलिस ने खोजबीन तेजी से शुरु कर दी है।

# पहली बारिश में सड़के बनी नाला, खाली प्लॉट बने स्विमिंग पूल!

## बारिश की वजह से दो साल की लड़की की मौत, जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्त



**जागरण मुंगावली।** शनिवार देर रात से शुरू हुई पहली मानसूनी बारिश ने नगर परिषद की कार्यप्रणाली की सच्चाई उजागर कर दी। रुक-रुक कर हुई बारिश ने शहर की सड़कों को नाले में तब्दील कर दिया वहीं खाली पड़े प्लॉटों में इतना पानी भर गया कि वे छोटे-छोटे स्विमिंग पूल जैसे नजर आने लगे।

नगर के प्रमुख मार्गों और मोहल्लों में जलभराव की स्थिति बन गई है। कई घरों के भीतर पानी घुस गया जिससे रहवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गलियों में पानी इस कदर भर गया कि बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं घरों से निकल भी नहीं पा रहे हैं।

**बारिश बनी दो साल बच्ची के लिए मौत:** शनिवार देर रात हुई शुरू बारिश ने जहां लोगों को जनजीवन अस्तव्य कर दिया तो वहीं दूसरी ओर इस बारिश ने दो साल बच्ची के लिए काल बन आई मिली जानकारी के अनुसार डिपो कालोनी में रहने वाले जय सिंह जादव की पुत्री स्वाति जादव के मकान के पास नीम का पेड़ लगा था जो बारिश के वजह से उसके घर पर गिर गया और घर कच्चा होने की वजह से पाटे गिर गई और एक पाट बच्ची के ऊपर गिर गई। जिससे वजह घायल हो गई और उपचार के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया जहां से उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया जहां मासूम बच्ची ने दम तोड़ दिया।

**निकासी व्यवस्था ध्वस्त, अधिकारी नदारद:** बारिश के पहले नगर परिषद द्वारा बड़े-बड़े दावे किए जाते है कि कृनालों की सफाई, जल निकासी व्यवस्था, जलभराव से मुक्ति जैसे। लेकिन हकीकत यह है कि अधिकांश नाले या तो पूरी तरह जाम हैं या आधे-अधूरे सफाई के बाद छोड़ दिए गए। नतीजतन बारिश के पानी ने सड़कों को तालाब में तब्दील कर दिया।

**परिषद की चुप्पी पर उठे सवाल:** शहर के नागरिकों का कहना है कि हर साल यही स्थिति बनती है लेकिन नगर परिषद सिर्फ कागजों में तैयारी करती है। नालों की सफाई, ड्रेनेज लाइन की मरम्मत और जलभराव की रोकथाम जैसे वादे सिर्फ फोटो और प्रेस नोट तक सीमित रहते हैं।

# एक सप्ताह में बेपटरी हुईं बिजली आपूर्ति

## दो दिन से दिन भर बिजली गुल, अप्रशिक्षितों के हाथ में बागडोर

**जागरण बहादुरपुर**

बीते 15 जून से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप्प है। इन 8 दिनों में एक बार भी बिजली आपूर्ति पटरी पर नहीं आ सकी है। कहीं 11 केव्ही की लाईन में फॉल्ट हो रहे हैं तो कहीं 33 केव्ही की लाईन फॉल्ट हो रही है। शनिवार एवं रविवार को 33 केव्ही की लाईन में फॉल्ट होने के कारण बमुश्किल 6 घंटे ही आपूर्ति हो सकी है। इस बिजली कटौती से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है। खास बात है कि उपभोक्ताओं की समस्या सुनने के लिए वितरण केन्द्र कार्यालय पर भी कोई अधिकारी नहीं है। यहां पदस्थ रहे प्रभारी का बीते दिनों स्थानांतरण हो गया है। नवागत प्रभारी उपभोक्ताओं से अब तक मिले नहीं है।

वितरण केन्द्र बहादुरपुर के रजिस्टर के अनुसार बहादुरपुर सिटी फीडर पर 15 जून को 10 घंटे, 16 जून को 20 घंटे, 19 जून को 7 घंटे, 21 जून को 8 घंटे बिजली बंद रही है। केवल 17, 18 एवं 20 जून को ही बिजली आपूर्ति नियमित हो सकी। जिसमें भी कई बार लाईनमैन के परमिट लेने से कटौती करनी पड़ी। रविवार को सुबह साढ़े दस बजे 33 केव्ही में फॉल्ट आने के कारण बिजली आपूर्ति बंद हो गई थी। दिन भर बारिश का दौर चलता रहा। इस कारण शाम होते-होते कंपनी के कर्मचारी फॉल्ट खोज पाए।

**प्रशिक्षित कर्मचारी नहीं, अप्रशिक्षितों ने ली जिम्मेदारी:** कंपनी के पास प्रशिक्षित कर्मचारियों की कमी है। केवल सलीम खां, मुन्नालाल शर्मा एवं कल्याण सिंह राजपूत ही ऐसे प्रशिक्षित कर्मचारी हैं, जिन्हे परमिट लेने और वापिस करने का अधिकार है। इनके भी अलग-अलग फीडर बंटे हुए हैं। बहादुरपुर सिटी फीडर के लिए एक भी प्रशिक्षित कर्मचारी नहीं है। ऐसे में आउटसोर्स कंपनी से आए लाईन हेल्पर हरजीत यादव, वसूली कर्मचारी योगेश शर्मा, लाईन हेल्पर प्रमोद नामदेव, सर्विस लाईन हेल्पर जमील खांन, नदीम खान, मीटर रीडर साहब सिंह यादव लाईनें सुधार रहे हैं। जिनके पास लाईन सुधारने का कोई प्रशिक्षण नहीं है। वहीं 33 केव्ही लाईन की मेंटीनेंस टीम के पास भी पर्याप्त कर्मचारी नहीं है।

**इनका कहना है...**

मौसम खराब होने से फॉल्ट खोजने और सुधारने में समय लगता है। आकाशीय बिजली के कारण फॉल्ट हुए हैं। बहादुरपुर में कोई काम समय पर नहीं हो पा रहा है तो इस संबंध में जेई से बात करते हैं। **-पीसी जैन, सहायक अभियंता, बिजली कंपनी, मुंगावली**

## न्यूज कार्नर

### 24 घंटे में अपहृत नाबालिग बालक को दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा

**शिवपुरी।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले के मार्गदर्शन और एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के नेतृत्व में थाना भौंती पुलिस को ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत नाबालिग बालक को दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त हुई। मामला इस प्रकार है कि दिनांक 21.06.25 को फरियादी उम्र 55 साल नि. ग्राम पिपारा थाना भौंती द्वारा अपने लडके की गुम होने संबंधी रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिस पर से थाना भौती पर अप.क्र.200/25 धारा 137(2) बीएनएस का कामय कर विवेचना में लिया गया। पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले द्वारा अपहृत बालक को दस्तयाब करने हेतु निर्देशित किया गया तथा एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में व निरी. मनोज राजपूत के नेतृत्व में टीम गठित कर नाबालिग बालक की लगातार तलाश करते हुए आज दिनांक 22.06.25 को नाबालिग अपहृत बालक को 24 घंटे के अन्दर दस्तयाब किया गया।

### दो अलग-अलग सड़क हादसे, नहीं हुई कोई जनहानि

**शिवपुरी।** रविवार को दो अलग-अलग जगहों पर सड़क हादसे हुए। लेकिन दोनों हादसे में कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई। एक हादसे में नारकोटिक्स विभाग के सब इंस्पेक्टर अपनी पत्नी और बेटी के साथ बाल-बाल बचे। जबकि दूसरी घटना में तेज रफ्तार कार बिजली के खंभे से टकरा गई, जिससे तार सड़क पर झूलने लगे। पहला हादसा सतनबाड़ा के नेशनल हाईवे 46 पर नरवर तिराहा के पास हुआ। एक कार पीछे से उसी दिशा में जा रहे ट्रक से टकरा गई। टक्कर के बाद ट्रक कार को कुछ दूर तक घसीटते हुए ले गया। कार में सवार नीमच में पदस्थ नारकोटिक्स विभाग के सब इंस्पेक्टर चंद्रपाल सिंह, उनकी पत्नी और बेटी शामिल थे। परिवार नीमच जा रहा था, तभी यह हादसा हुआ। तीनों को मामूली चोटें आई हैं। सतनबाड़ा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरी घटना देहात थाना क्षेत्र के पिपरसमा गल्ला के पास हुई। यहां तेज रफ्तार एक कार बेकाबू होकर सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से टकराई गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि खंभा टूट गया और उस पर लगे बिजली के तार सड़क पर झूलने लगे। हालांकि वहां पर कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। पुलिस और बिजली विभाग को हादसे की सूचना दी गई, जिसके बाद तुरंत सुधार कार्य शुरू किया गया।

# पीआईसी से हटाना अध्यक्ष का विशेषाधिकार, मेरा सम्मान नहीं रखा : सिंघल

## बगावती पार्षदों ने अध्यक्ष को हटाने को पुनः भरी हुंकार



**जागरण, शिवपुरी।** नगर पालिका परिषद की पीआईसी से कथित रूप से अपमानजनक तरीके से हटाए गए पार्षद गौरव सिंघल ने आज स्टार गोल्ड होटल में पत्रकारवार्ता बुलाकर अपने मन की पीड़ा जाहिर की। पत्रकार वार्ता में अध्यक्ष विरोधी भाजपा पार्षद और उनके परिजन भी मौजूद रहे। श्री सिंघल ने कहा कि कौन पीआईसी में रहे और कौन नहीं यह विशेषाधिकार नपा अध्यक्ष गायत्री शर्मा का है लेकिन किसी भी पीआईसी मेम्बर को यदि उन्हें हटाना है तो उसके सम्मान का ध्यान रखना चाहिए था, लेकिन मुझे पीआईसी से हटाने में मेरे सम्मान का कोई ध्यान नहीं रखा गया। न तो मुझ से पीआईसी से इस्तीफा देने का कहा गया और न ही हटाने से पूर्व मुझे सूचित किया गया। मुझे हटाने के लिए नियमों का भी पालन नहीं किया गया। श्री सिंघल ने साफ साफ कहा कि अब वह खुलकर अध्यक्ष विरोधी पार्षदों के साथ हैं और यदि नपाध्यक्ष ने इस्तीफा नहीं दिया तो बगीचा सरकार हनुमान मंदिर के समक्ष अध्यक्ष को हटाने की शपथ लेने वाले पार्षदों के साथ वह भी पार्षद पद से इस्तीफा दे देंगे। श्री सिंघल ने नपाध्यक्ष और उनके पति के खिलाफ आरोपों की झड़ी लगा दी और नपाध्यक्ष पर भ्रष्टाचार तथा अनियमित्ता के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पीआईसी में होने के बाद भी मैं नपाध्यक्ष गायत्री शर्मा का यश मैन नहीं था और उनके गलत कामों का विरोध करता था। इसी बजह से मुझे पद से हटाया गया है। पार्षद राजू गुर्जर ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि मैं एक फौजी का बेटा हूं और सीधी सच्ची राजनीति करता हूं। भगवान में मुझे विश्वास हैं। मैने करैरा में बगीचा बाले हनुमान मंदिर के समक्ष शपथ ली है कि अध्यक्ष को हटाने में हम सफल नहीं रहे तो हम इस्तीफा दे देंगे। इसलिए किसी की बात तो मैं नहीं करता लेकिन नपाध्यक्ष को हटाने की हमारी मुहिम सफल नहीं हो पाई तो कम से कम मैं अवश्य इस्तीफा दे दूंगा। कोई चाहे दे या न दे। उनके इतना कहते ही वहां मौजूद सभी बागी पार्षद और उनके परिजन चिल्लाए की हम भी इस्तीफा दे देंगे। पत्रकार वार्ता में नपा उपाध्यक्ष सरोज व्यास के पति रामजी व्यास, पार्षद विजय बिंदास, पार्षद राजू गुर्जर, पार्षद ओमी जैन, पार्षद संजय गुप्ता पप्पू, ताराचंद राठौर, पार्षद पति सीटू सड़ैया, पार्षद पति बाईसराम धाकड़, पार्षद राजा यादव, पार्षद पति गोपी शर्मा, पार्षद पति अनिल बघेल, पार्षद पति रत्नेश जैन आदि पार्षद भी मौजूद थे।

### अध्यक्ष पति ने वायरल ऑडियो के संबंध में मांगी माफी

कल सोशल मीडिया पर पार्षद राजू गुर्जर और पार्षद पति संजय शर्मा का एक ऑडियो वायरल हुआ था जिसमें संजय शर्मा यह कहते हुए नजर आए थे कि हनुमान जी तो क्या हनुमान जी के पिता जी की कसम खा लेना। उनका आशय यह था कि उन्हें कोई नहीं हटा सकता उक्त ऑडियो वायरल होने के बाद अध्यक्ष पति को सोशल मीडिया पर प्रताडऩा मिलना शुरू हो गई थी अभिभाषक संजीव बिलगैंया ने बयान जारी कर कहा था कि हमारे आराध्य देव हनुमान जी के बारे में इस तरह की बातें करने से हमारी धार्मिक भावनाऐं आहत हुई है। इसके लिए अध्यक्ष पति माफी मांगें। इसके बाद संजय शर्मा पीछे हटे और उन्होंने सोशल मीडिया पर बयान जारी किया कि मेरी भगवान में आस्था हैं और उसी अनुरूप हम कर्म करते हैं। मेरा आशय यह था कि यदि हम सही काम करते हैं तो कोई हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकता। इसीलिए मैने ऑडियो में उक्त बात कहीं थी लेकिन इससे किसी की धार्मिक भावना को चोट लगी है तो मैं उसके लिए क्षमा मांगता हूं।

# कृषि एवं राजस्व विभाग की टीम की छापामार कार्रवाई, एक दुकान सील

## छह-सात दुकानें मिली बंद




**जागरण, शिवपुरी।** कोलारस में डीएपी खाद की कालाबाजारी का मामला सामने आया है। किसानों को 1350 रुपए की खाद 1800 रुपए में बेची जा रही थी। शिकायत मिलने पर शनिवार शाम को कोलारस एसडीएम अनूप श्रीवास्तव ने कार्रवाई के आदेश दिए। कार्रवाई में एक दुकान सील की गई।

कृषि और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने कोलारस तहसील के खरई गांव में छापा मारा। एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार शैलेन्द्र भार्गव और कृषि विभाग के एसडीओ पवन दुबे की टीम मौके पर पहुंची। गांव में 6-7 खाद, बीज और दवा की दुकानें पहले से ही बंद मिलीं। टीम को जय मां शिवशक्ति ट्रेडर्स नाम की एक दुकान खुली मिली। दुकान के संचालक जयेंद्र धाकड़ ने अधिकारियों को देखते ही दुकान में ताला लगा दिया। उन्होंने दुकान खोलने से इनकार कर दिया। वह कभी दुकान को किसी और की बताते तो कभी मेडिकल शॉप का बहाना बनाते रहे। काफी देर की टालमटोल के बाद जब वह दुकान खोलने को तैयार हुआ। लेकिन तब तक नायब तहसीलदार ने दुकान को सील करने का आदेश दे दिया। कृषि विभाग के एसडीओ पवन दुबे ने बताया कि पंचनामा बनाकर दुकान सील की गई है। अब मामले की विस्तृत जांच कोलारस एसडीएम करेंगे।

# 12 घंटे में ट्रेस की ट्रेक्टर चोरी, पांच आरोपी गिरफ्तार

## चोरी गया ट्रेक्टर के साथ एक स्कॉपियो गाड़ी भी बरामद



**जागरण, शिवपुरी।** करैरा थाना पुलिस ने महज 12 घंटे के भीतर ही ट्रैक्टर चोरी को ट्रेस कर चोरी के 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एक चोरी का ट्रैक्टर एवं एक स्कोर्पियो गाड़ी जब्त की गई।

करैरा थाना प्रभारी विनोद छावई के अनुसार, 21 जून को ग्राम लंगूरी निवासी निहाल सिंह कुशवाह ने शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनका ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 33 जेडडी 8839 घर के पास बने गैराज से चोरी हो गया है। गैराज का ताला टूटा हुआ मिला था। चोरी हुए ट्रैक्टर की कीमत लगभग 5 लाख रुपये है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सिद्ध बाबा रोड पर नाकाबंदी की। वहां एक स्कॉर्पियो क्रमांक एमपी 09 एमजे 9009 के पीछे चोरी का ट्रैक्टर देखा गया। पूछताछ में ट्रैक्टर चालक अरविन्द्र यादव ने चोरी की बात स्वीकार की। मौके से स्कॉर्पियो चालक समेत राघवेन्द्र यादव, आकाश रजक, अरविन्द्र केवट और प्रतिपाल यादव को गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपी दतिया जिले के रहने वाले हैं। पुलिस ने चोरी का ट्रैक्टर और स्कॉर्पियो जब्त कर ली है। पुलिस ने अपराध क्रमांक 490/25 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपियों से पूछताछ जारी है कि वे ट्रैक्टर किसे बेचने ले जा रहे थे। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरी0 विनोद सिंह छावई, सउनि संजय भगत, प्रआर वीरेन्द्र सिंह, आर. हरेन्द्र गुर्जर, राधेश्याम, सुरेन्द्र रावत, मनीष कोरी, मत्स्येन्द्र गुर्जर, जितेन्द्र कुमार, सोनू श्रीवास्तव की विशेष भूमिका रही है।

# शिविर के समापन में विधायक जैन ने किया डांस, टीचर सुखवीर सम्मानित




**जागरण, शिवपुरी।** अग्रवाल आदर्श महिला संगठन का 10 दिवसीय निःशुल्क शिविर का समापन बीते रोज हो गया। निःशुल्क शिविर में ब्यूटीशियन, डांस, आत्मरक्षा के गुर, ड्रॉइंग व अन्य गतिविधियां आयोजित की गई जिसमें ब्यूटीशियन ज्योति लोधी, सुख विशाल आत्मरक्षा एवं डांस आशीष, म्यूजिक, ढोलक, अर्चिता मंगल द्वारा ड्राइंग सिखाई गई। अग्रवाल आदर्श महिला संगठन हर वर्ष निशुल्क सिविल आयोजन करती है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर समापन रंगारंग कार्यक्रम द्वारा गया। इस अवसर पर देवेन्द्र जैन एवं अग्रवाल आदर्श महिला संगठन द्वारा डांस टीचर सुखवीर कुशवाह को सम्मानित किया गया।

शिविर में आदर्श मातृ शक्तियों द्वारा योग शिक्षकों का सम्मान एवं योग दिवस के अवसर पर करो योग रहो निरोग के संदेश में सूर्य नमस्कार के द्वारा शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक देवेंद्र ने महाराजा अग्रसेन के चरणों में दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथि में अग्रवाल समाज के अध्यक्ष घनश्याम दास गुप्ता, महामंत्री विकास गोयल, उपाध्यक्ष विनोद अग्रवाल, अध्यक्ष मथुरा प्रसाद, महिला पदाधिकारी निशा अग्रवाल, अंजु गोयल, दीपा बंसल, रीना जैन, अनुराधा अग्रवाल मंच पर मौजूद रहे। अग्रवाल आदर्श महिला संगठन की अध्यक्ष रेणु सिंघल का कहना है कि हम अधिकारों की मांग करते हैं हमें अपने कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए अपने समाज के आदेश के लिए हमें आगे रहना चाहिए। इस अवसर पर संगठन के पद अधिकारी उपाध्यक्ष रश्मि अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुमन अग्रवाल, महामंत्री उषा मंगल, कोष अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल, सह मंत्री माधवी अग्रवाल, प्रचार मंत्री मीना जैन, पूजा गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य ऋतु जैन, पूजा अग्रवाल रचना गोयल स्वीटी अग्रवाल संगीता सिंघल आरती अग्रवाल एवं समस्त मातृशक्ति मौजूद रही। मंच का संचालन मणिका शर्मा द्वारा किया गया। सभी प्रतिभागियों को संगठन की ओर से प्रमाण पत्र दिया गया।

### कुत्तों के झुंड ने हिरण पर किया हमला, ग्रामीणों ने लाठियों से भगाया

**जागरण, शिवपुरी।** खतौरा गांव में एक हिरण पर आधा दर्जन से ज्यादा कुत्तों ने हमला कर दिया। घटना देहरदा-ईसागढ़ मार्ग स्थित सेंगर पेट्रोल पंप के पास सुबह की है। जानकारी के अनुसार हिरण को भागने का मौका भी नहीं मिल रहा था। वो घायल हो गया था। जब आसपास के लोगों ने देखा तो उन्होंने लाठियां लेकर कुत्तों को खदेड़ा। कुत्ते भाग गए और हिरण की जान बच गई। घायल हिरण को पेट्रोल पंप पर सुरक्षित रखा गया। वन विभाग को सूचना दी गई। बदरवास वन परिक्षेत्र की टीम मौके पर पहुंची। टीम घायल हिरण को इलाज के लिए अपने साथ ले गई। ग्रामीणों की सूझबूझ से एक वन्यजीव की जान बच सकी।

## न्यूज कार्नर

### पांच पौधे लगाकर मनाया जन्मदिन



**जागरण, हरदा।** जन्मदिन जैसे अवसर पर अब लोग पौधारोपण के साथ गौशाला में जाकर गायों की सेवा कर रहे हैं। ऐसे ही दो मामले देखने को मिले। युवा समाजसेवी अवध विश्नोई ने खुद के जन्मदिन पर केक न काटते हुए पांच पौधे लगाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। नीमगांव स्थित शहीद मां अमृता देवी विश्नोई खेल परिसर में कोशिश पर्यावरण सेवक टीम के मप्र प्रभारी शांतिलाल सारन के सानिध्य में अवधि विश्नोई ने पांच पौधे लगाकर जन्मदिन मनाया। इस कार्य को विश्नोई समाज सहित अन्य लोगों ने काफी सराहा। इस तरह शहीद मां अमृता देवी विश्नोई गोशाला धनगांव में पांचातलाई निवासी रामनाथ पवार के पोते शिवाय के जन्मदिन पर गोमाताओं के गो ग्रास के लिए 2100 रुपये दिए गए।

### 21 कार्यकर्ता एवं 122 सहायिकाओं की भर्ती

**जागरण, हरदा।** जिले में आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास हरदा श्रीमती सीमा जैन ने बताया कि आंगनवाडी कार्यकर्ता व सहायिका के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता हायर सेकंडरी है तथा उम्र 18 से 35 वर्ष होना आवश्यक है। प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती जैन ने बताया कि नियुक्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार होंगे। उन्होने बताया कि जिले में 21 आंगनवाडी कार्यकर्ता व 122 सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इनमें खिरकिया परियोजना में आंगनवाडी कार्यकर्ता के 10 एवं सहायिका के 46, टिमरनी परियोजना में आंगनवाडी कार्यकर्ता के 5 एवं सहायिका के 26, हरदा ग्रामीण-2 परियोजना में आंगनवाडी कार्यकर्ता के 4 एवं सहायिका के 28, हरदा ग्रामीण-1 में आंगनवाडी कार्यकर्ता का 1 एवं सहायिका के 14 पद तथा हरदा नवीन परियोजना में आंगनवाडी कार्यकर्ता का 1 एवं सहायिका के 8 पद शामिल हैं। भर्ती संबंधी अधिक जानकारी के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय महिला एवं बाल विकास कलेक्ट्रेट प्रथम तल रुम नंबर 61 हरदा में या संबंधित परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### मानकर पुनः जिला संयोजक बने

**जागरण, टिमरनी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मध्य भारत प्रांत का चार दिवसीय अधिवेशन 19 जून 22 जून तक सीहोर में संपन्न हुआ। अधिवेशन के अंतिम दिवस अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मध्य भारत प्रांत अध्यक्ष धर्मेंद्र राजपूत द्वारा जिला संयोजकों की घोषणा की गई। जिसमें टिमरनी निवासी छात्र सुधन मानकर को पुनः जिला संयोजक हरदा बनाया गया। इस घोषणा पर छात्र नेता अरविंद गुर्जर, अमन गौर, पूर्व छात्र नेता मोहित सोलंकी, भवानी राजपूत, अभिषेक नागरे, रोहित गौर, वरुण मिश्रा सहित अन्य ने शुभकामनाएं दी।

### हमारे जीवन में योग की अहम भूमिका

**जागरण, टिमरनी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय टिमरनी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर बीके देविका बहन ने योग के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि हमारे तन और मन को स्वस्थ रखने के लिए हमारे जीवन में योग एक अहम भूमिका निभाता है। जितना तन को तंदुरुस्त रखने की आवश्यकता है, उतना ही मन को भी तंदुरुस्त रखने की आवश्यकता है। कहा भी जाता है मन दुरुस्त तो तन दुरुस्त। आज हम योगा, आसन, प्राणायाम करते हैं जो हमारे शरीर को तंदुरुस्त रखने के लिए आवश्यक है, लेकिन मन को शक्तिशाली बनाना जो कि आज की आवश्यकता है, क्योंकि आज मानसिक बीमारियां दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रहीं हैं, जो मन की कमजोरी को दर्शाता है, अतः वर्तमान समय योगेश्वर परमपिता परमात्मा शिव हमें राजयोग के द्वारा अपने मन को शक्तिशाली बनाने के साथ-साथ अपनी दृष्टि, वाणी, कर्म में शुद्धता द्वारा हम कैसे अपना सर्वांगीण विकास कर सकते हैं, इसकी शिक्षा दे रहे हैं। इस राज योग के अभ्यास से हम अपने जीवन को श्रेष्ठ दिशा की ओर ले जाएं।

---

**पांच दुकानों को जबलपुर हाईकोर्ट से मिली राहत, बाकी को खाली करने का अल्टीमेटम**

# रेलवे स्टेशन रोड की 35 दुकानों पर आज चलेगा नपा का बुलडोजर

**जागरण, हरदा।** स्थानीय रेलवे स्टेशन रोड पर माल गोदाम से सेंटमैरी स्कूल तक बनी 40 दुकानों को तहसीलदार न्यायालय ने अतिक्रमण मानते हुए हटाने के आदेश 13 जून को जारी किए थे, जिसके लिए दुकानदारों को खुद हटाने के लिए समय दिया गया था, समय की समाप्ति के बाद शनिवार को नगर पालिका ने अनाउंसमेंट कर दुकानदारों को चेताया कि वे रविवार शाम 5 बजे तक अपने सामान हटा लें, अन्यथा सोमवार सुबह बुलडोजर चलेगा।

### पांच दुकानदारों को जबलपुर हाईकोर्ट से मिला स्थगन

चिन्हित की गई 40 दुकानों में से पांच दुकानदारों जिसमें सुमनबाई वाजपेयी, रतिलाल मालवीय, सुनील पाटिल, शफीक खान और फरीदा खान को जबलपुर हाईकोर्ट से हटाने पर स्थगन आदेश मिल गया है। शेष 35 दुकानों पर सोमवार से कार्रवाई की जाएगी।

### शनिवार को हुआ निरीक्षण शाम को हुआ एनाउंसमेंट

शनिवार सुबह तहसीलदार, नगर पालिका और प्रशासनिक अमले ने रेलवे स्टेशन रोड का निरीक्षण किया। दुकानों पर पेंट से नंबर डाले गए। इसके बाद शाम को नगरपालिका के वाहन ने माइक से एलान कर दिया कि रविवार शाम तक सभी दुकानें खाली कर दी जाएं।

### दुकानदारों में मची हलचल सामान हटाना शुरू

एनाउंसमेंट के बाद स्टेशन रोड पर हड़कंप मच गया। दुकानदारों ने दुकानों से सामान समेटना शुरू कर दिया। होटल राजरेसीडेंसी से लेकर माल गोदाम तक अस्थायी टप वाले भी असमंजस में हैं।

### प्रशासन सख्त, सोमवार सुबह से चलेगी जेसीबी

एसडीएम कुमार शानू देवड़िया ने बताया कि नगर पालिका और प्रशासन द्वारा मिलकर सोमवार सुबह से चिन्हित दुकानों पर जेसीबी से कार्रवाई की जाएगी। जिन दुकानों को कोर्ट से राहत नहीं मिली है, उन्हें खाली करना अनिवार्य है।

### इनका कहना है

संबंधित क्षेत्र के दुकानदारों से अपील है कि वे समय रहते सामान हटा लें ताकि अनावश्यक क्षति से बचा जा सके।

**कमलेश पाटीदार**, सीएमओ नगर पालिका

## सब्जी बाजार का विवाद गहराया, पुराने स्थान से हटाए गए दुकानदार नई जगह नहीं पहुंचे



**जागरण, हरदा।** नगर पालिका ने 16 जून को घंटाघर के पास सराफा बाजार की गली से 67 दुकानों का अतिक्रमण हटाया। इन दुकानदारों के लिए हाजी चौक के पास 90 दुकानों का सीमांकन किया गया। नगर पालिका ने यह कार्रवाई बाजार क्षेत्र में लगने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या को देखते हुए की। नगर पालिका सीएमओ कमलेश पाटीदार के अनुसार पुरानी सब्जी मंडी में एल आकार की पार्किंग बनाई जाएगी। इसके लिए 23 जून को टेंडर खुलेंगे। उन्होने बताया चांडक चौराहा, नार्मदीय धर्मशाला, कांजी हाउस और बड़ा पोस्ट ऑफिस से घंटाघर तक जाने वाली सड़कों पर रोज जाम लगता था। बाजार की तंग गलियों में पार्किंग की वजह से लोगों को पैदल चलने में भी दिक्कत होती थी। दुकानदारों और फुटपाथ विक्रेताओं के बीच विवाद भी होते थे। नगर पालिका ने बड़े मंदिर के पास के चाट फुल्की के ठेलों को गुलजार भवन के सामने स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। हालांकि 16 दिन बीत जाने के बाद भी हाजी चौक के पास नई जगह खाली पड़ी है। फुटकर व्यापारियों ने या तो पुराने स्थान पर या फिर जत्रा पड़ाव में शनि मंदिर या अजनाल नदी के पेढ़ी घाट पर दुकान लगाने की अनुमति मांगी है। सब्जी विक्रेता की पत्नी पिंकी खान ने कलेक्टर से पुराने स्थान पर ही दुकान लगाने की अनुमति देने की मांग की है। वही विधायक डॉ आरके दोगने से भी व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखकर उनकी मदद करने की अपील की है।

---

# भगवान जगन्नाथ रथ पर 27 को करेंगे नगर का भ्रमण

**जागरण, हरदा।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथजी की भव्य शोभायात्रा भगवान जगन्नाथ मंदिर वार्ड क्रमांक 5 नरसिंह वार्ड हरदा से दिनाँक 27 जून 2025 दिन शुक्रवार को प्रातः 8.30 बजे निकाली जावेगी। भगवान जगन्नाथ रथयात्रा जगदीश मन्दिर से प्रारंभ होकर घंटाघर चौक, चांडक चौराहा, बैंक चौराहा, टांक चौराहा, जैसानी चौक, नार्मदीय धर्मशाला से होते हुए वापस 11.45 बजे जगदीश मन्दिर नरसिंह वार्ड पहुँचेगी। भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा समिति के अध्यक्ष पूर्व मंत्री कमल पटेल ने कहा कि इस वर्ष भी शोभायात्रा भव्य निकलेगी, जिसमें जिले भर के श्रद्धालु इस शोभायात्रा में शामिल होंगे। रथयात्रा में भव्य रथ पर भगवान जगन्नाथ हरदा नगर का भ्रमण करेंगे। इस दौरान बेंड बाजे, डीजे व भगवान राधा कृष्ण की भव्य आकर्षक झांकियां भी निकाली जावेगी।

22 जून 2025 रविवार को भगवान जगन्नाथ मन्दिर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पूर्व मंत्री कमल पटेल ने वर्चुअली जुड़कर संबोधित सदस्यों को किया। इस अवसर पर देवीसिंह साँखला, प्रदीप सोनी, अशोक राठौर, बल्लभ तोषनीवाल, विजय तापडिया, कन्हैयालाल कुशवाहा, सुयोग सोनी, लालू त्रिपाठी, मनोज पालीवाल, निलेश पालीवाल, पण्डित अनमोल दुबे, अनन्त दुबे सहित समिति के सदस्यगण मौजूद रहे।

# ओपन रैपिड चेस टूर्नामेंट में कलेक्टर जैन रहे अव्वल



**जागरण, हरदा।** शतरंज के खेल प्रेमियों के लिए डिस्ट्रिक्ट चेस क्लब के तत्वावधान द फाउंडेशन ऑफ एजुकेशन स्कूल में रविवार को जिला स्तरीय ओपन रैपिड चेस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में अभिषेक नायरे ने द्वितीय, आशीष कुमार यादव ने तृतीय, कोस्तुभ उपाध्याय ने चतुर्थ तथा आयुष उपाध्याय ने पंचम स्थान प्राप्त किया। वहीं 15 वर्ष से कम आयु वर्ग में प्रथम स्थान रजित चौहान, द्वितीय स्थान यश शर्मा, तृतीय स्थान तनमय रघुवंशी, चतुर्थ स्थान रामानुजन स्वामी तथा पांचवें स्थान पर ईशान तिवारी रहे। प्रतियोगिता में 15 वर्ष से कम आयु वर्ग के 91 तथा 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री जैन ने कहा कि प्रतियोगिता को आगे बढाने के लिए विशेष प्रयास कर इसे राज्य स्तर तक ले जाने का प्रयास किया जाएगा, ताकि हरदा जिले के सभी बच्चों को इसका लाभ मिल सके। उन्होने कहा कि बच्चों को शतरंज खेल के प्रति बच्चों को प्रोत्साहन करने का प्रयास किया जाएगा।

इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट चेस क्लब के अध्यक्ष आलोक जैन, क्लब के सचिव पीसी पोर्ते, मिडिया प्रभारी रोहित तिवारी, कोषाध्यक्ष सत्यम बंसल, उपाध्यक्ष जय शंकर कानवा, रामनिवास जाट सहित अन्य बच्चों के माता-पिता व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

---

**वार्ड नंबर 3 नर्मदापुरम रोड, हरदा बायपास पर कीचड़ से लोग बेहाल**

# ब्रिज निर्माण के बाद सड़क से मिट्टी नहीं हटाई, पूरी सड़क दलदल में हुई तब्दील



**जागरण, टिमरनी।** नगर में रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य किया जा रहा है, परंतु ब्रिज निर्माण एजेंसी एवं प्रशासन द्वारा मार्ग की उचित व्यवस्था न करने के कारण बारिश के चलते आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर के वार्ड नंबर 3 नर्मदापुरम रोड के निवासी इन दिनों भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। क्षेत्र में चल रहे ब्रिज निर्माण कार्य के चलते सड़क पड़ी मिट्टी अब लोगों की मुसीबत का कारण बन गई है। बारिश के पानी के कारण यह मिट्टी कीचड़ में तब्दील हो गई है, जिससे राहगीरों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यही हाल अस्थाई बायपास मार्ग हरदा रोड का भी है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि ब्रिज निर्माण के बाद सड़क से मिट्टी नहीं हटाई गई, जिससे पूरी सड़क दलदल बन चुकी है। हालात ऐसे हैं कि घर से बाहर निकलते ही लोगों के पैर कीचड़ सना जाते हैं। खासकर बच्चों और बुजुर्गों को चलने में परेशानी हो रही है और कई लोग फिसल कर घायल भी हो चुके हैं। महिलाएं जो दोपहिया वाहन चलाती हैं, उन्हें सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गाड़ियां फिसल रही हैं और दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है।

सड़क पर फिसलन के कारण आगामी समय में स्कूली बच्चों को भी स्कूल आने-जाने में परेशानी होगी, क्योंकि इसी मार्ग पर सरकारी एवं निजी स्कूल स्थित हैं। नागरिकों की मांग है कि सड़क पर तत्काल मुरम और गिट्टी डलवाकर कीचड़ की समस्या से राहत दिलाई जाए। साथ ही नगर पालिका और संबंधित निर्माण एजेंसी को इस ओर तुरंत ध्यान देना चाहिए, ताकि लोगों को सुरक्षित आवागमन मिल सके।

**अधिकारियों को पार्षद करा चुके हैं अवगत:** इस बायपास मार्ग की विभिन्न समस्याओं को लेकर पार्षद सुनील दुबे द्वारा लगातार आवेदन और ज्ञापनों के माध्यम से संबधित आधिकारियों को अवगत कराया गया, परंतु जिम्मेदारों द्वारा इस दिशा में कोई सकारात्मक कदम नही उठाये गये। जिसके कारण अब यहां के लोगों का तमाम प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### समय सारणी जारी

**जागरण, हरदा।** तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा डिप्लोमा इंजीनियरिंग में प्रवेश के लिए कॉलेज लेवल कॉउन्सिलिंग की समय सारिणी जारी कर दी गयी है।

प्राचार्य डॉ अभिरुचि सिंह ने बताया कि जो छात्र डिप्लोमा द्वितीय चरण में किसी कारणवश रजिस्ट्रेशन नहीं करा पाए हैं वे 13 अगस्त तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर प्रवेश प्रक्रिया में भाग ले सकते है।

# चातुर्मास का उद्देश्य त्याग, तपस्या ओर कर्मों की निर्जरा है: मुनिश्री निर्णयसागर



**जागरण, हरदा।** चातुर्मास का उद्देश्य त्याग, तपस्या ओर कर्मों की निर्जरा है। समाज के कल्याण के लिए चातुर्मास होता है। उक्त उद्गार मुनिश्री निर्णयसागर महाराज ने नगर के श्री दिगम्बर जैन मंदिर में प्रवचन देते हुए व्यक्त किये। मुनिश्री ने कहा कि हर घर का हर व्यक्ति स्वाध्याय का लाभ लेने वाला होना चाहिए। चातुर्मास तब ही सफल होता है, जब समाज धर्म का पालन करना हृदय से अंगीकार करें। चातुर्मास साधु के लिए आवश्यक नहीं है, समाज के सभी लोगों को इस दौरान धर्म सिखने ओर धर्म के मार्ग पर आगे बढने का अवसर प्राप्त होता है। कोई भी साधु लगातार चार माह तक एक स्थान पर नहीं रहता है। चातुर्मास में सभी श्रावकों को अधिक से अधिक धर्म लाभ लेना चाहिए ओर अपने कर्मों की निर्जरा कर धर्म पथ पर आगे बढ़ना चाहिए। जैन समाज के कोषाध्यक्ष राजीव जैन ने बताया कि टिमरनी नगर में श्रीमज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक महोत्सव को संपन्न कराने के बाद आज हरदा नगर में मुनिश्री निर्णयसागर महाराज का अल्प प्रवास हुआ। इस दौरान मुनिश्री को चातुर्मास के लिए श्रीफल भेंट करने शुजालपुर के सैकड़ों जैन बंधु हरदा पधारे ओर मुनिश्री को चातुर्मास के लिए श्रीफल भेंट किया। इस अवसर पर मुनिश्री ने उपस्थित श्रावकों को चातुर्मास का महत्व और अर्थ बताया।

---

**भारतीय जनता पार्टी टिमरनी मंडल द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित**

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण



**जागरण, टिमरनी।** भारतीय जनता पार्टी टिमरनी मंडल द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें विकसित भारत संकल्प सभा में प्रमुख विषयों पर प्रवक्ताओं ने अपना उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के पितृपुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम के जिला प्रभारी राजेश गोदारा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इन 11 वर्षों में देश ने अभूतपूर्व विकास के साथ-साथ संवेदनशील, जवाबदेह और पारदर्शी शासन का नया मानक स्थापित किया है। यह कालखंड सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की नीति को जन-जन तक पहुँचाने वाली एक सशक्त व सर्वस्पर्शी यात्रा का साक्षी रहा है। सशक्त नेतृत्व और विरासत भी, विकास भी के संकल्प ने इन वर्षों को विकसित भारत की दिशा में ऐतिहासिक परिवर्तन का आधार स्तंभ बनाया है। वहीं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बसंत सिंह राजपूत ने बताया कि प्रधानमंत्री के निर्णायक नेतृत्व में भारत सरकार ने अंत्योदय के मूल मंत्र को आधार बनाकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की धारा पहुंचाई है। इन 11 वर्षों में देश ने किसान कल्याण, नारी सशक्तिकरण, युवा सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय तथा आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से नारी शक्ति को धुएँ से मुक्ति, पीएम किसान योजना के अंतर्गत किसानों को सीधा आर्थिक लाभ, स्टार्टअप इंडिया एवं स्किल इंडिया जैसी योजनाओं द्वारा युवाओं को नए अवसर तथा हर वर्ग को गरिमामय जीवन देने हेतु केंद्रित योजनाओं ने समाज के हर तबके में भरोसे और परिवर्तन की भावना को मजबूत किया है। यह 11 वर्ष विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने की दिशा में संकल्प से सिद्धि तक की प्रेरणादायक यात्रा के प्रतीक हैं, जिसने भारत को वैश्विक मंच पर एक सशक्त, आत्मनिर्भर और सम्मानित राष्ट्र के रूप में प्रतिष्ठित किया है। तत्पश्चात परिसर में पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अतुल बारंगे, नगर परिषद अध्यक्ष देवेंद्र भारद्वाज, मंडल प्रभारी विनीत गीते, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष राधेश्याम गौर, वरिष्ठ नेता सालिगराम चंदेल, डॉ राजेंद्र शर्मा, भाजपा मंडल महामंत्री अंकित कनेरे, राजू अग्रवाल, नगर परिषद उपाध्यक्ष राजा कौशल, महेंद्र पटेल, मनमोहन सिंहल, अरुण कुमार तिवारी, नन्हेलाल कौशल, गुलशन चौरसिया उपस्थित रहे।

### केंद्र की मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल कार्यकाल की उपलब्धियों का वाचन किया



**जागरण, हरदा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की भाजपा सरकार के 11 साल पूर्ण होने पर भाजपा द्वारा चलाये जा रहे संकल्प से सिद्धि तक कायक्रमों के अंतर्गत आज हरदा नगर के जगन्नाथ राव जोशी शक्ति केंद्र में संकल्प चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रभारी मनसुख लोहाना ने बताया कि भाजपा जिला कार्यालय से प्राप्त निर्देषानुसार दिनांक 22 जून 2025 को दोपहर 3:00 बजे हरदा नगर के वार्ड क्रमांक 13, 14 एवं 15 में मानपुरा शंकर मंदिर के पास संकल्प चौपाल आयोजित की गई। सर्व प्रथम भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरूषों के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया, तत्पश्चात कार्यक्रम प्रभारी मनसुख लोहाना ने मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल कार्यकाल की उपलब्धियों का वाचन किया एवं वहा उपस्थित हितग्राहियों, माता एवं बहनों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने का आव्हान किया। इस अवसर पर नपा के पूर्व उपाध्यक्ष दीपक शर्मा, संतोष अग्रवाल, राधेश्याम सेन, गोपाल सिंह राजपूत, अमित यादव, हितग्राही प्रभारी चंपालाल पंवार, मीडिया प्रभारी राजकुमार मौर्य, हामिद भाई पहलवान, गफूर भाई, पूर्व पार्षद श्रीमती यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक, महिलायें उपस्थित रहीं।

# तीन स्वास्थ्य संस्थाओं के डॉक्टर आज किए जाएंगे सम्मानित

**जागरण, टिमरनी।** विकासखंड की तीन स्वास्थ्य संस्थाओं के डॉक्टरों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं के लिए राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। ये सम्मान समारोह 23 जून को भोपाल में आयोजित होगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टिमरनी के विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ महेंद्र कुमार चौरे को बेहतर प्रबंधन के लिए चुना गया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नौसर के डॉ केसरी प्रसाद और रहटगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ हर्ष पटेल भी सम्मानित होंगे।

### अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी होंगे प्रेरित

सीएमएचओ डॉ एचपी सिंह ने कहा कि ये जिले के लिए गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि इस सम्मान से जिले की अन्य स्वास्थ्य संस्थाओं में काम का बेहतर माहौल बनेगा। साथ ही अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी बेहतर काम करने के लिए प्रेरित होंगे।

### राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक में भी चयनित हैं तीनों

उप मुख्यमंत्री और लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ राजेंद्र शुक्ल कायाकल्प अवार्ड से इन डॉक्टरों को सम्मानित करेंगे। विशेष बात ये है कि इन तीनों स्वास्थ्य संस्थाओं को पिछले सप्ताह राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक में भी चयनित किया गया है।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष राजपूत लगातार कर रहे पौधरोपण

**जागरण, खिरकिया।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पर्यावरण दिवस से लगातार पर्यावरण को हरा भरा रखने के लिए वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है।

मंडल स्तर पर मंडल अध्यक्ष विजय सिंह राजपूत, गौशाला के संरक्षक महेश राजपूत, मंडल कोषाध्यक्ष प्रेम नारायण राजपूत, महामंत्री राजेश मीणा, दिनेश कोगे, मंडल आईटी सेल विशाल चौहान, उपाध्यक्ष श्रवण गौर, सुशील भायरे एवं सभी गणमान्य कार्यकर्ता द्वारा गुप्तेश्वर गौशाला में आम और अमरूद के पौधे रोपे गये। मंडल अध्यक्ष विजय सिंह राजपूत ने कहा कि हमें पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने की आवश्यकता है, जिस प्रकार पेड़ों की कटाई हो रही है, जिससे हमें शुद्ध हवा नहीं मिलती और वातावरण में भी अधिक प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। हम सभी को एक पेड़ हमारे पूर्वजों के नाम से लगाना चाहिए, जिससे हमारी प्रकृति हरी भरी रहे। वृक्ष का महत्व जब हमें समझ में आता है तब भीष्ण गर्मी में, तपती हुई धूप में दूर-दूर तक कोई वृक्ष नहीं होता, तब हमें एहसास होता है, हमें कोई वृक्ष मिल जाए तो वृक्ष की छांव में थोड़ा विश्राम कर लें।